* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 294

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


अनवार-उल-हक काकर पाक के कार्यवाहक पीएम होंगे, चुनाव तक जिम्मेदारी संभालेंगे










आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# अपने पांच प्रण को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ी मोदी सरकार

## ■ अंग्रेजों के बनाये तीन कानूनों के स्थान पर नये कानून आने से बहुत कुछ बदलेगा

## ■ गुलामी के प्रतीक इन कानूनों से नहीं बन रही थी शक्तिशाली भारत की पहचान

केंद्र की मोदी सरकार भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आइइए) को बदलने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को इन तीन कानूनों में बदलाव का बिल संसद के मानसून सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में पेश किया। आजादी के पहले बने ये कानून अब तक चल रहे हैं। दरअसल, इन तीन कानूनों को बदलने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए लिया था। उस दिन पीएम मोदी ने पांच संकल्प लिये थे, जिनमें एक था मां भारती को गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाना। इन तीन कानूनों को हटाने का फैसला इसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा रखे गये पांच प्रणों की चर्चा भी की। विधेयक के अनुसार आइपीसी यानी इंडियन पीनल कोड 1860 की जगह, अब भारतीय न्याय संहिता 2023 बनायी जायेगी। सीआरपीसी, यानी क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 प्रस्थापित होगा और आइइए, यानी इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रस्थापित होगा। लोकसभा ने तीनों विधेयकों को संसद की स्थायी समिति के पास भेज दिया है। इन विधेयकों के बारे में 18 राज्यों, छह केंद्र शासित प्रदेशों, भारत की सुप्रीम कोर्ट, 22 हाइकोर्ट, न्यायिक संस्थाओं, 142 सांसद और 270 विधायकों के अलावा जनता ने भी सुझाव दिये हैं। चार साल तक इस पर काफी चर्चा हुई है। सरकार ने इस पर 158 बैठकें की हैं। इतनी तैयारी और गहन समीक्षा के बाद लाये जा रहे इन विधेयकों से देश की न्याय प्रणाली गुलामी की छाया से पूरी तरह मुक्त हो जायेगी। क्या बदलेगा इन विधेयकों से और क्या नया होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

देश में करोड़ों आपराधिक मुकदमों की लंबी कतारों के लिए अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। अब केंद्र सरकार ने इस बाधा को हटाने की राह खोल दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किये। भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय साक्ष्य विधेयक और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक संसद की मंजूरी मिलते ही कानून बन जायेंगे। इसके साथ ही ये अंग्रेजों के जमाने की करीब 163 साल पुरानी भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), 151 साल पुराने भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आइइए) और 150 साल पुरानी दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह ले लेंगे। साथ ही भाजपा के शासनकाल में सबसे ज्यादा विवादित रहा राजद्रोह कानून भी खत्म हो जायेगा। शाह ने दावा किया है कि नये कानून बनने के बाद आपराधिक मुकदमों में दोषियों को सजा मिलने का अनुपात 90 प्रतिशत तक बढ़ जायेगा। मुकदमों के निबटाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए 2027 तक सभी कोर्ट कंप्यूटराइज्ड कर लेने की तैयारी की गयी है।

### पीएम मोदी ने लिये थे पांच प्रण

पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण लिये थे। आजादी के अमृत वर्ष में लिये गये इन प्रणों में से एक मां भारती को गुलामी के प्रतीक चिह्नों से मुक्ति दिलाने का भी था। पीएम मोदी ने जो पांच प्रण लिये थे और प्रत्येक देशवासी से इन्हें आत्मसात करने का आह्वान किया था, उनमें देश को विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने का संकल्प, भारत की विरासत और विरासत पर गर्व करने का संकल्प, एकता और एकजुटता की ताकत का संकल्प और राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्य का संकल्प शामिल थे।




### कब लागू हुए थे आइपीसी और सीआरपीसी

ब्रिटिश सरकार ने 1857 की क्रांति के बाद इस्ट इंडिया कंपनी से भारत अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद यहां आइपीसी, सीआरपीसी और आइइए लागू की गयी थी, ताकि ब्रिटिश शासन एक कानूनी तरीके से चल सके। भारतीय दंड संहिता यानी आइपीसी को 1860 में लागू किया गया था, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी आइइए को 1872 में पेश किया गया था। इसके बाद 1973 में दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी लागू की गयी थी।

### किन-किन कानूनों में बदलाव होगा?

भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 जगह लेगी। यह आइपीसी के 22 प्रावधानों को निरस्त करेगी। इसके साथ ही नयी संहिता में आइपीसी के 175 मौजूदा प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है और नौ नयी धाराएं पेश की गयी हैं। भारतीय न्याय संहिता, 2023 में कुल 356 धाराएं हैं। इसी तरह दूसरा जो कानून बदलने जा रहा है, वह है आपराधिक प्रक्रिया संहिता, यानी क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी)। सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 को प्रस्थापित किया जायेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के जरिये सीआरपीसी के नौ प्रावधानों को निरस्त किया जायेगा। इसके अलावा विधेयक में सीआरपीसी के 107 प्रावधानों में बदलाव और नौ नये प्रावधान पेश करने को कहा गया है। विधेयक में कुल 533 धाराएं हैं। बदलने वाला तीसरा कानून भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 है। इसकी जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 लाया जायेगा। नया विधेयक साक्ष्य अधिनियम के पांच मौजूदा प्रावधानों को निरस्त करेगा। बिल में 23 प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव है और एक नया प्रावधान पेश किया गया है। इसमें कुल 170 धाराएं हैं।

### नये विधेयकों से क्या बदलेगा

गृह मंत्री अमित शाह ने मौजूदा राजद्रोह कानून के भी इन विधेयकों के कानून बनते ही निरस्त हो जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजद्रोह कानून पूरी तरह निरस्त हो जायेगा। हालांकि राजद्रोह कानून के तहत निरस्त किये गये प्रावधान धारा 150 के तहत बरकरार रहेंगे, जिसके तहत भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ काम करनेवालों को सजा दी जा सकेगी। सरकार ने राजद्रोह कानून की बजाय इससे जुड़े अपराध पर धारा 150 के तहत सजा देने की तैयारी की है। इसके तहत दोषियों को मिलने वाली सजा में बढ़ोत्तरी की गयी है। मौजूदा राजद्रोह कानून के तहत दोषी को उम्रकैद मिलती है, जिसे तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है। धारा 150 के तहत आजीवन कारावास को बरकरार रखने के साथ ही इसे सात साल तक बढ़ाये जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### क्या किया गया है बदलाव

संसद में पेश विधेयक और मौजूदा आइपीसी-सीआरपीसी में कुल 313 अंतर हैं। सरकार ने सीआरपीसी को पूरा बदल दिया है। इसके तहत सात साल से ज्यादा की सजा वाले सभी मामलों में फोरेंसिक टीम का मौके पर जाकर सबूत जुटाना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तारी के बाद अपराधी के परिजानों को तुरंत जानकारी देने के लिए एक खास पुलिस अधिकारी तैनात किया जायेगा और मुकदमों में तीन साल के अंदर न्याय मिले, इसके लिए तीन साल तक की सजा वाली धाराओं में संक्षिप्त ट्रायल किया जायेगा। नये कानून के अनुसार किसी भी केस में चार्ज फ्रेम होने के बाद कार्रवाई को लटकाया नहीं जायेगा। इसके 30 दिन में जज को फैसला सुनाना होगा। इसके अलावा सरकारी कर्मचारी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में फाइल नहीं लटकेगी। 120 दिन के अंदर केस चलाने की अनुमति देनी होगी। नये कानून के अनुसार मृत्यु दंड को उम्रकैद में बदला जा सकेगा, लेकिन सजा पा चुके शख्स को पूरी तरह बरी करना अब आसान नहीं होगा।

### पहली बार सामुदायिक सेवा की भी सजा शामिल

नये कानूनों में छोटे अपराधों के लिए विदेशों की तर्ज पर कम्युनिटी सर्विस (सामुदायिक सेवा) की सजा का भी पहली बार प्रावधान किया गया है। इसके तहत कुछ खास तरह के छोटे अपराधों में जज आरोपी को किसी वृद्धाश्रम, अनाथालय या कहीं अन्य जगह पर जाकर कुछ दिन सेवा करने की सजा दे सकता है।

### नये साल में लागू हो जायेंगे नये कानून

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीनों विधेयक पेश करते हुए कहा कि 1860 से 2023 तक देश की आपराधिक न्याय प्रणाली अंग्रेजों के बनाये कानूनों के तहत काम करती रही है। अब ये तीनों कानून बदल जायेंगे, जिससे देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव हो जायेगा। शाह के इस बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में इन तीनों विधेयकों को मंजूरी दिला कर नये साल से लागू कर देगी।

### गुलामी की निशानियों को खत्म करने का हिस्सा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि तीन नये कानून लाना ब्रिटिश शासन की गुलामी की निशानियों को खत्म करने के प्रण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने अपने कानून ब्रिटिश गुलामी वाले शासन की रक्षा करने और उसे मजबूत करने के लिए बनाये थे। उन कानूनों का प्रमुख लक्ष्य दंड देना था, जबकि हमारी सरकार के कानूनों का लक्ष्य सजा देना नहीं, बल्कि न्याय तय करना है। ये तीनों कानून भारतीय नागरिक अधिकारों की रक्षा करेंगे।

---

# आठ पुलिस अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक

**15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में वीरता पदक दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के आठ अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक देने की घोषणा की गयी है। इन्हें 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में वीरता पदक दिया जायेगा। वीरता पदक पानेवालों में आइपीएस ऋषभ कुमार झा, खूंटी के पूर्व एएसपी अभियान रहे अनुराग राज, गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, एसीबी में पदस्थापित इंस्पेक्टर सुरेश राम, हजारीबाग जिला में पदस्थापित रोहित कुमार रजक, हीरालाल ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार ओझा और यशवंत महतो के नाम शामिल हैं। तत्कालीन तोरपा एसडीपीओ ऋषभ कुमार झा वर्तमान में जमशेदपुर में रेल एसपी के पद पर पदस्थापित हैं। एएसपी अभियान रहे अनुराग राज अपने पैतृक संगठन मे लौट गये हैं। यह वीरता पदक खूंटी के रनिया में पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप के बॉडीगार्ड विक्रम टोपनो को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए दिया गया है। एटीएस में पदस्थापित पारसनाथ ओझा को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा।

### 35 पुलिस कर्मियों को मिलेगा सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक

इनके अलावा राज्य के 35 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक दिया जायेगा। इनमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात झारखंड कैडर के आइपीएस साकेत कुमार सिंह, हवलदार कैलाश प्रसाद, हवलदार सत्येंद्र नाथ, हवलदार रामजन्म प्रसाद, हवलदार तिल प्रसाद जैसी, एएसआइ मनोज कुमार राय, एएसआइ सुनील कुमार राय, हवलदार नंदजी यादव, संचमान तमांग, इंस्पेक्टर इम्तियाज अहसन, सूबेदार मेजर देव कुमार राय, एसआइ देवनंदन प्रसाद, एसआइ रवि रंजन कुमार, एएसआइ लालजी तिवारी, मनोज कुमार, रामबली प्रसाद, रंजन कुमार पाठक, भगवान प्रधान, हवलदार गोपाल राम, हवलदार बंधु खड़िया, हवलदार अजीत बसरीयार, जय किशोर राम, एएसआइ विपिन रजक, एएसआइ रमाकांत उपाध्याय, एएसआइ श्याम कुमार, एएसआइ श्रीपद कुमार, हवलदार जानिया बिरुवा, हवलदार रमाशंकर यादव, हवलदार जीवन भेंगरा, हवलदार शंकर दयाल मिश्रा, हवलदार चक्कर साहू, मोहम्मद रशीद, आरक्षी मुनीर खान और आरक्षी मनोज कुमार दमई के नाम शामिल हैं।

---

**भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति की बैठक**

# पसमांदा मुस्लिम समाज विकास में बहुत पिछड़ा: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के बाद से पसमांदा मुस्लिम समाज विकास में बहुत पिछड़ा है, जिसको विकास से जोड़ने के लिए बहुत सारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी शनिवार को भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। हर घर में तिरंगा लगे इस कार्य को सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिले में मोटरसाइकिल रैली निकालकर एक सुहाना वातावरण बनाने का कार्य करें। हयात ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को लेकर और उनको पार्टी के विचारधारा से जोड़कर कार्य करेगा।

बैठक में मोर्चा के प्रभारी सोना खान, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान, भाजपा के प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य काजिम, भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी तारिक इमरान कुरैशी सहित सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री मौजूद थे।

# गिरिडीह के जवान की शहादत से गांव में मातम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा में शनिवार तड़के आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में गिरिडीह के जवान अजय कुमार राय (28) शहीद हो गये। घटना की जानकारी के बाद गांव में मातम छा गया है। उनके पिता राजू राय और माता स्वाती देवी की आंखों के आंसू थम नहीं रहे हैं। शहीद जवान जिले देवरी थाना इलाके के ढेंगाडीह के रहनेवाले थे। वह फिलहाल गिरिडीह के सिरसिया के पटेल नगर में परिवार के साथ किराये के मकान में रह रहे थे। सूचना मिलने पर शहीद जवान के घर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह पुलवामा के अवंतीपुरा में आतंकियों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें जवान अजय कुमार राय गोली लगने से शहीद हो गये। अजय की 2017 में सीआरपीएफ में पोस्टिंग हुई थी और हाल ही में उनकी ड्यूटी अमरनाथ में लगायी गयी थी। उनके परिजनों ने कहा कि वे बटालियन के साथ सर्च ऑपरेशन के लिए निकले थे।

### जवान की शहादत पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में झारखंड की माटी के लाल, गिरिडीह के ढेंगाडीह गांव से सीआरपीएफ जवान अजय कुमार राय के शहीद होने की खबर से मन अत्यंत दु:खी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्वीट कर परमात्मा से दिवंगत अमर वीर शहीद अजय की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

---

# गिरिडीह में बजरंगबली की प्रतिमा खंडित, विरोध में प्रदर्शन-हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना इलाके के सीहोडीह मौर्यापुरी में शनिवार के दिन सुबह- सुबह लोग जब बजरंग बलि के मंदिर पहुंचे, तो प्रतिमा खंडित देखी। जैसे ही इलाके में यह खबर फैली, लोग मंदिर में जमा होने लगे। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। मंदिर में जम कर नारेबाजी हुई।

### तुरंत दल बल के साथ पहुंचे एसडीपीओ

घटना की जानकारी मिलने के साथ ही तुरंत एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, एसआइ प्रमोद प्रसाद दल बल के साथ मंदिर पहुंचे। मंदिर में हो रहे विरोध प्रदर्शन को शांत कराया और अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

### असामाजिक तत्वों ने खंडित की प्रतिमा

पुलिस का कहना है कि यह काम असामाजिक तत्वों का है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी और साजिश का पर्दाफाश होगा। स्थानीय राहुल कुमार, नरेश वर्मा, उमेश यादव ,मिथिलेश कुमार, गोविंद यादव, शंभू यादव, मिथिलेश कुमार, विकास कुमार, सन्नी कुमार, सूरज कुमार समेत इलाके के दूसरे लोगों ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द इनकी गिरफ्तारी नहीं हुई, तो विरोध प्रदर्शन तेज होगा। पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विरोध बंद किया है।

# पेश हुए विधेयक का कानून बनने से चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर पड़ेगा असर: आभा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल को लागू करने के लिए राज्यसभा में जो विधेयक पेश किया है, यदि यह कानून बन गया, तो इससे चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर असर पड़ेगा।

www.epaper.azadsipahi.in


13 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 294

गगनयान-मिशन के लिए इसरो ने की पैराशूट की सक्सेफुल टेस्टिंग



**डुमरी उपचुनाव : आइएनडीआइए ने बनायी रणनीति, आज आजसू तय करेगा उम्मीदवार**

# सीएम आवास में बैठक, 17 को नामांकन में शामिल होंगे हेमंत सोरेन, साथ रहेंगे सहयोगी दलों के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। उपचुनाव के लिए चौसर बिछ चुकी है। राजनीतिक दल रेस हो गये हैं। उपचुनाव में नवगठित आइएनडीआइए और एनडीए के बीच की टक्कर है। आइएनडीआइए की तरफ से झामुमो ने प्रत्याशी दे दिया है। वहीं, एनडीए की तरफ से आजसू अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में उनके आवास पर शनिवार को आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस राजद, जदयू, सीपीआइएमएल के नेता शामिल हुए। बैठक में सीएम ने कहा कि आइएनडीआइए की तरफ से झामुमो की उम्मीदवार बेबी देवी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए लोग जुट जायें।

**हर बूथ को मजबूत करें: सीएम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 5 सितंबर को वोट डाले जायेंगे। इस उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा से मंत्री बेबी देवी प्रत्याशी होंगी। उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए आइएनडीआइए में शामिल और हमारे सहयोगी बूथ स्तर तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाने में जुट जायें। बूथों पर अपनी मजबूत उपस्थिति से हम अपने प्रत्याशी की जीत को और भी पक्का करेंगे।

**बैठक में ये हुए शामिल :** मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री हफीजुल हसन, लोकसभा सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, योगेंद्र प्रसाद महतो (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त) विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद, दीपिका पांडेय सिंह, झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस प्रदेश समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव यश सिन्हा, सीपीआइ (एमएल)के प्रदेश सचिव जनार्दन प्रसाद, जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो, राजद के प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी, कांग्रेस के गिरिडीह जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, झामुमो के गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी, राजद के गिरिडीह जिलाध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर, बोकारो जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव सहित कई नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुंबई की बैठक में सीएम होंगे शामिल : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 17 अगस्त को झामुमो की उम्मीदवार मंत्री बेबी देवी का नामांकन होगा। नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ-साथ सभी सहयोगी दलों के नेता शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि डुमरी उपचुनाव में बेबी देवी एक लाख मतों से जीतेंगी। उन्होंने कहा कि डुमरी में जीत के साथ हमारे नेता को मुंबई में होनेवाली आइएनडीआइए दलों की बैठक में शामिल होना है। साथ ही केंद्र के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां जिस तरह मुख्यमंत्री को विचलित करने की कोशिश कर रही हैं, उसके खिलाफ भी लड़ना है।

## आजसू उम्मीदवार की घोषणा आज संभव

वहीं, डुमरी उपचुनाव को लेकर आजसू की रविवार को बैठक होगी। प्रत्याशी का नाम लगभग तय कर लिया गया है, केवल औपचारिक घोषणा बची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और आजसू के अध्यक्ष, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के बीच डुमरी चुनाव को लेकर लंबी मंत्रणा हुई। उसमें यह तय हुआ कि डुमरी चुनाव में आजसू एनडीए की तरफ से प्रत्याशी उतारेगा।

# बालूमाथ में कोयला व्यवसायी राजेंद्र साहू को अपराधियों ने मारी गोली

## बाइक सवार अपराधियों ने सरेआम किया जानलेवा हमला

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ में एक बार फिर कोयला व्यवसायी पर दिनदहाड़े गोली चली है। कोयला व्यवसायी और पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू को शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी है। घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र की है। इसमें कोयला व्यवसायी घायल हो गये हैं। गोली उनके पेट, कमर, पंजरा और हाथ में लगी है। आनन-फानन में उन्हें बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद रिम्स रेफर कर दिया। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गयी है।

बताया जाता है कि राजेंद्र साहू स्कूटी से अपनी खेती देखने झरिवा टोला दून स्कूल रोड होकर जा रहे थे। इसी बीच पहले से घात लगा कर बैठे अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद बालूमाथ थाना चौक पर रांची-चतरा मुख्य पथ (एनएच 22) को ग्रामीणों ने जाम कर दिया।

घटनास्थल पर बाइक छोड़ कर भागे अपराधियों को पकड़ने के लिए बालूमाथ थाना पुलिस ने पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी है। घटना की सूचना पाते ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन बालूमाथ पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की।

# रांची के सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन समेत झारखंड के दो पुलिस अधिकारी केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित


आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** रांची के सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन और इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को बेहतर अनुसंधान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक (मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इनवेस्टिगेशन-2023) से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित फ्लैट से 21 जुलाई, 2022 की रात नौ बजे पुलिस को सविता रानी हेंब्रम (36), उसकी मां लखीया मुर्मू (60) और सविता की बेटी गीता हेंब्रम (13) का शव मिला था। तीनों की धारदार हथियार से हत्या की गयी थी। जमशेदपुर के तत्कालीन एएसपी शुभ्रांशु जैन के नेतृत्व में एसआइटी ने इस तिहरे हत्याकांड का खुलासा किया था।

इनके अलावा इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को नैना हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पदक से सम्मानित किया गया है। जमशेदपुर जिले के बर्मामाइंस के तत्कालीन थानेदार इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा ने वर्ष 2018 में नैना हत्याकांड का खुलासा किया था।

उल्लेखनीय है कि देश के 140 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2023 में जांच में बेहतर अनुसंधान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें 22 महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। सम्मान पाने वाले में सीबीआइ के 15, एनआइए के 12, उत्तरप्रदेश के 10, केरल और राजस्थान के नौ-नौ, तमिलनाडु के आठ, मध्यप्रदेश के सात, गुजरात के छह, झारखंड के दो, बिहार के चार पुलिसकर्मी शामिल हैं।

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग
की ओर से राज्य के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
राज्य खाद्य आयोग, खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत् आपको प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा के प्रति है प्रतिबद्ध।
जिलों में मुखिया संवाद और औचक निरीक्षण से हो रही है हकीकत की पड़ताल
लाभुकों को अधिकार दिलाने खाद्य आयोग ने शुरू की है कई नई पहल

जनवितरण प्रणाली (PDS)

निर्धारित वजन से कम नही लें अनाज, जरूर लें रसीद

समेकित बाल विकास योजना (ICDS)

आंगनबाड़ी जायें, योजनाओं का लाभ पायें

पीएम पोषण ( मध्याह्न भोजन ) योजना (MDM )

गैस के चूल्हे पर पका - पकाया भोजन मेन्यू के अनुसार है मिलना

• प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) – प्रथम प्रसव में मिलनी है छः हजार तक की राशि
• कुपोषण उपचार केंद्र ( MTC ) – सही समय पर ईलाज कराएं, कुपोषण दूर भगाएं

खाद्य सुरक्षा है आपका अधिकार, सभी योजनाओं का लाभ पायें
अपनी आवाज उठायें 9142622194 पर शिकायत दर्ज करायें
झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची-834002
व्हाट्सएप नं :- 9142622194, दूरभाष सं0 :- 0651-2252267/2252261
ईमेल - jharfoodcommission@gmail.com, वेबसाइट- www.jharkhandsfc.in

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## मेरी मिट्टी मेरा देश को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

कोडरमा(आजाद सिपाही)। आगामी 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी निमित कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से आज उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। जिले के सभी प्रखंड से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य माननीय जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में जुड़े। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदया ने प्रखंडवार मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत हो चुके कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि यह अभियान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। बैठक में प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा डोमचांच जितेंद्र कुमार जैसल, प्रशासक नगर परिषद झुमरी तिलैया विनित, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद के सदस्य, उपप्रमुख, नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधि सहित कई अन्य लोग जुड़े।

## कांडतरी मुखिया ने धोती-साड़ी का किया वितरण



बड़कागांव(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कांडतरी पंचायत स्थित मिजार्पुर, कांडतरी और महुदी में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के नेतृत्व में लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया पारस प्रसाद के हाथो वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आम गरीब लोगों के लिए सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया जा रहा है । प्रोपराइटर फूलचंद राम और शाहबान अली ने बताया कि 20 में एक धोती और एक साड़ी दिया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारस प्रसाद सभी वार्ड सदस्य के अलावा कई लोग उपस्थित थे।11

## कोबरा बटालियन ने शहीद परिवार को किया सम्मानित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को डोमचांच आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा की आदमकद प्रतिमा पर कोबरा 203 के द्वारा माल्यर्पण किया गया साथ ही साथ शहीद की माता शारदा देवी को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 203 कोबरा बरही से इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा 159 बटालियन में सेवारत रहते हुवे वर्ष 10 जून 2012 को नक्सलियों से मुठभेड़ लोहा लेते हुवे शहीद हुवे उनकी शहादत बलिदान को सम्मान देने के लिए उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इसमें कोबरा 203 के हेड कांस्टेबल, नितिन डोंगरे, नरेश कुमार, संजीव कुमार, प्रकाशचंद शर्मा, भानु प्रताप, राजकुमार सिंह उपस्थित थे।

## पिपचो पंचायत में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक ने तिरंगा फहराया




जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पिपचो पंचायत में आहार के निकट आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आम बागवानी का उद्घाटन, तत्पश्चात शपथ दिलाया, तत्पश्चात झंडोत्तोलन विधायक अमित कुमार यादव ने किया। वहीं तालाब के किनारे विधायक अमित कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, प्रमुख अंजू देवी, बीपीओ रवि शंकर, मुखिया रामेश्वर यादव सहित कई लोगों ने पौधारोपण किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा अमृत सरोवर की स्थापना की गयी है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत तालाब का सुंदरीकरण निर्माण करने से इस जगह को सुंदर बनाया जायेगा। जिससे पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मौके पर भाजपा अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, कौशर खान, जीप सदस्य केदार यादव, देवनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र राणा, कुंदन यादव, सुनील यादव, धानेश्वर चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वस्थ भारत मिशन को लेकर हुई बैठक



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। स्वस्थ भारत मिशन के तहत प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के अस्पताल रोड स्थित पांडे क्लीनिक में शनिवार की शाम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में रांची के डॉ नवीन कुमार, आल्टोस कंपनी के चंदन कुमार, सुमीत कुमार विश्वकर्मा व राजेश यादव उपस्थित थे। डॉ नवीन कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को पेट से संबंधित लीवर की शिकायत, फ्लेरिया, स्टोन आदि बीमारी की जानकारी दी तथा इसके उपचार भी बताया। उन्होंने अल्टोस कंपनी की बनी दवा का सेवन पेट से संबंधित विभिन्न रोगों के अलग-अलग दवाइयां की जानकारी दी तथा कुछ घरेलू उपचार के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने खाना खाने के 45 मिनट पहले और खाना खाने के 45 मिनट बाद ग्लास से सिप सिप कर पानी पीने की सलाह दी तथा प्रतिदिन व्यायाम करने की भी बात कही। बैठक में नारायण राणा, सुखदेव राणा, रामकृष्ण पांडे, सतीश चंद्र पांडे, विवेक पोद्दार, देवेंद्र प्रसाद वर्णवाल, सुखदेव प्रसाद पोद्दार, विनय पोद्दार, राजेंद्र पोद्दार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीदस में वेस्ट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता आयोजित



बरही (आजाद सिपाही)। देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर वेस्ट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से लेकर कक्षा दसवीं तक के बच्चों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि युवाओं से जुड़े सांस्कृतिक और कानूनी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और युवा देश की रीढ़ होते हैं। चुनौतियों और युवाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त बनाना इस दिन का उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के लिए उनके जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार और राय साझा करने का एक अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस, इंटरनेशनल यूथ डे युवा लोगों की आवाज, कार्यों और पहलों के साथ-साथ उनके सार्थक, सार्वभौमिक और न्यायसंगत जुड़ाव का जश्न मनाने और मुख्यधारा में आने का अवसर देता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# रोशन साहू हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार
# दो देसी पिस्तौल और आठ जिंदा गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत माही रेस्टोरेंट के मालिक राजेंद्र कुमार उर्फ रोशन साहू की हत्या जमीन और बालू कारोबार की रंजिश की वजह से हुई थी। इसका खुलासा रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया है। उन्होंने बताया कि रोशन साहू के हत्या मामले में तीन अपराधियों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने जितना पुलिस को बताया है उससे यह स्पष्ट है कि रामगढ़ जेल में बंद भरत पांडे ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिलाया है। उसी के इशारे पर शार्प शूटर ने रोशन साहू पर गोलियां बरसाई थी। एसपी ने यह भी कहा है कि रोशन पर गोली चलाने वाला अपराधी अभी भी फरार है। लेकिन उसे हत्या की साजिश में शामिल तीन लोगों को पकड़ा जा चुका है। गिरफ्तार अपराधियों में पतरातू थाने के जयनगर निवासी शुभम पांडे, ओमप्रकाश और प्रेम पांडे शामिल हैं। उनके पास से 7.65 एमएम बोर का देसी पिस्टल, 9 एमएम बोर का देसी पिस्टल और आठ जिंदा गोली बरामद किया गया है।



### जमीनी विवाद और रुपये की लेनदेन में चल रहा था रोशन का विवाद

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि रोशन साहू का विवाद जमीन और रुपए की लेनदेन को लेकर पूर्व से ही चल रहा था। पतरातू प्रखंड में कुछ स्थानों पर जमीन का कारोबार रोशन के द्वारा किया गया था। जिसमें रुपए का भी लेनदेन हुआ था। इस विवाद में कई बार पंचायत भी बैठी थी, लेकिन इसका निष्कर्ष नहीं निकल पाया था।

### गिरोह से भी थे रोशन साहू के ताल्लुकात

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि रोशन साहू के तालुकात पतरातू क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित गिरोह के साथ भी थे। उन्होंने इशारे में इस बात का खुलासा किया कि पांडे गिरोह में शामिल लोगों के साथ रोशन के गहरे संबंध थे। जिसकी वजह से वह व्यापार में भी काफी आगे निकल गया था। भरत पांडे के शार्प शूटर फिलहाल श्रीवास्तव गैंग से भी तालुकात रखते हैं। इस हत्या के पीछे संगठित गिरोह के बीच बने तनाव भी एक कारण है।

### बालू के कारोबार में भी आगे निकल गये थे रोशन

पुलिस के अनुसार रोशन साहू बालू के कारोबार में भी काफी आगे निकल गए थे। जिस पर भरत पांडे और श्रीवास्तव गैंग की भी नजर थी। उन लोगों ने 6 अगस्त से पहले रोशन साहू के पास अपने कुछ सदस्यों को भेजा था। लेकिन उनके फरमान को रोशन साहू ने अनसुना कर दिया। इसी मुख्य वजह से रोशन साहू पर गोली चली है।

### मृतक रोशन साहू का भी था आपराधिक इतिहास

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि रोशन के हत्यारे कई अपराधों में शामिल रहे हैं। लेकिन, मृतक रोशन का भी अपराधिक इतिहास रहा है। कई मामले में रोशन चार्जशीटेड था। एक मामले में तो वह जेल भी गया था। हालांकि हाल फिलहाल में पांडे गिरोह से डायरेक्ट लिंक उसका नहीं था। लेकिन गिरोह के सदस्यों के साथ संलिप्तता की वजह से कई अपराधों में रोशन साहू का नाम शामिल था।

### टीम में ये थे शामिल

एसडीपीओ पतरातू डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, भदानीनगर थाना प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, कुज्जू ओपी प्रभारी विनय कुमार, सब इंस्पेक्टर मयंक प्रसाद, विजय कुमार लकड़ा, सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# स्वतंत्रता दिवस के फाइनल पूर्वाभ्यास का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

रामगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ फाइनल पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। जिसके बाद उपायुक्त ने झंडातोलन किया। इस दौरान राधा गोविंद पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय गान गाया। वही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गयी।



**डीसी ने ली कार्यक्रम की अंतिम तैयारी की जानकारी**

मौके पर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सौरभ प्रसाद एवं कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा विशाल कुमार से स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:35 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10: 55 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडारोहण किया जायेगा।

## हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने की अपील



चतरा (आजाद सिपाही)। पूरे देश में 13 से 15 अगस्त 2023 तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा । जिला प्रशासन चतरा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चतरा जिला अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान एवं आमजनों से अपील किया कि अपने-अपने भवन/घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायें ' राष्ट्रीय ध्वज फहराने के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का विशेष ध्यान रखें ' साथ ही जिला प्रशासन का जिलावासियों से अपील है कि 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर, राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर, उसे वेबसाइट पर अपलोड करें। जिलेवासी से राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए भी अपील किया गया।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक हुई। उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला वन अधिकार समिति अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में यह बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में पारित 7 वन पट्टा देने संबंधित प्रस्ताव की समिति द्वारा समीक्षा की गई। बैठक में मुमताज अंसारी, सुधीर कुमार दास, सलमान जफर खिजरी, रामेटाना भगत, सरयु उरॉव, शोभा कुजूर उपस्थित थीं।

## डीडीसी ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुना। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करना होगा : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीसी चंदन कुमार ने किया। यह कार्यक्रम नगर परिषद वार्ड संख्या 28 में अमृतसर सरोवर के समीप किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, एसडीओ मो जावेद हुसैन उपस्थित थे। अधिकारियों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को नमन करने संबंधित शिलाफलकम का उद्घाटन किया।

### झंडोत्तोलन कर हुई राष्ट्रगान की प्रस्तुति



मौके पर उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया। वही सभी अधिकारियों सहित उपस्थित अन्य लोगों ने राष्ट्रगान गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पंच प्रण के तहत सभी को देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा देश के नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई।

### वार्डो से संग्रहित मिट्टी को कलश में रखा गया

मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों और शहीदों को याद करने व देश की मिट्टी पर गर्व करने के उद्देश्य से नगर परिषद अंतर्गत सभी 33 वार्डों से संग्रहित मिट्टी को कलश में रखा।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश को झारखंड ओलंपिक संघ ने किया सम्मानित



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार को झारखंड ओलंपिक संघ ने नामकुम के आर के स्टेडियम मे सम्मानित किया। हाल ही मे 36वां राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोटा मे हुआ था जिसमे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राजेश कुमार ने अपने केटेगरी मे स्वर्ण पदक जीता था। इनकी योग्यता को देखते हुए झारखंड ओलंपिक संघ ने राजेश कुमार को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। राजेश से बात चीत के दौरान उन्होने बताया कि उनके ट्रेनर गुलाम हसन है और राजेश ने अपने जीत का श्रेय अपने ट्रेनर अपने परिवार और विद्यालय परिवार को समर्पित किया। ये हमारे विद्यालय के लिए और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का पल है विद्यालय के डायरेक्टर इंद्रदेव प्रसाद भारती ने रजेश को खेल और खेल भावना को आगे बढ़ाने और विद्यालय में अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिताओं को कराने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या स्वाति रंजन ने कहा कि विद्यालय से अधिक से अधिक खिलाड़ी तैयार कर नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक पहुंचाना लक्ष्य तय करें। डायरेक्टर और प्रधानाचार्या ने संयुक्त रूप से रजेश को शुभकामनाये देते हुए कहा कि वो इसी प्रकार राष्ट्रीय स्त की प्रतियोगिता मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाये।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा



कोडरमा(आजाद सिपाही)। शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में अंतिम रूपरेखा तैयार की गयी। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बागीटांड स्टेडियम कोडरमा में आयोजित होगा। जिसमें झंडोतोलन, राष्ट्रगान, परेड समेत अन्य कार्यक्रम किये जायेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने मुख्य समारोह स्थल बागीटांड़ स्टेडियम की साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, रंग-रोगन, रोड लाइनिनिग, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, मेडिकल टीम, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पौधरोपण



इचाक(आजाद सिपाही)। प्रखंड के चंपानगर नावाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलरा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत तिलरा के तिलरा की भीड़ के चारों तरफ वृक्षारोपण किया गया। मुखिया काजल देवी के नेतृत्व में पंचायत के सभी प्रतिनिधियों ने एक-एक पौधा लगाया तथा संकल्प लिया की उनके द्वारा लगाये गये पौधे की देखभाल वह स्वयं करेंगे तथा पंचायत क्षेत्र के लोगों से भी पौधारोपण की अपील करेंगे। मुखिया काजल देवी ने कहा की मौसम में बदलाव हो रहा है तथा इस बदलते मौसम के कारण समय पर बारिश नहीं हो रही। साथ ही तापमान में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा की हम सभी को इस अभियान से जुड़कर अपने पंचायत क्षेत्र का को हरा भरा करना है। पौधरोपण अभियान में मुखिया काजल देवी, उप मुखिया लीलावती देवी, पंचायत सेवक उमानंद यादव, रोजगार सेवक इंतियाज अंसारी, बीएफटी अशोक दास, वार्ड सदस्य नीतेश गोप, रामचंद्र गोप, द्वारिका साव, मनोज गोप, सुभाष सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अरुण साहू के प्रयास से 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा



बरही (आजाद सिपाही)। तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू के पहल से बरसोत के साहू टोला में 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। मौके पर स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, टीएसएस प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, महासचिव विष्णुधारी महतो, सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि अरुण साहू का या पहल हमेशा स्मरणीय रहेगा। क्योंकि उन्होंने सामाजिक सुधार और ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः साबित किया है।

## मांडू विधायक ने विकास कार्यो की आधारशिला रखी



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में कल्याण विभाग से बनने वाली चहारदीवारी निर्माण, मांझी भवन निर्माण और नागी के डुमर कुदर में मांझी भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लहरियाडीह के हाडगड्डी का चहारदीवारी निर्माण कार्य 24 लाख 12 हजार 5 सौ की लागत से, अरजरी में मांझी भवन निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 24 लाख 99 हजार 3 सौ रूपये है। जबकि नागी के डुमर कुदर में मांझी भवन निर्माण कार्य, प्राक्कलित राशि 24 लाख 99 हजार 3सौ रूपये हैं। विधायक जेपी पटेल को ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं पर संबंधित पदाधिकारी से बात कर जल्द समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा में विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। कार्यों में पूरी गुणवत्ता बरती जायेगी और सभी योजनाओं का लाभ हरेक लाभुक तक पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टेंपो पलटने से 4 लोग घायल

कोडरमा। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरचांच के समीप टेंपो पलटने से 4 लोग घायल हो गये। घायल की पहचान जनास बानो ग्राम जयनगर, जलीन मियां ग्राम जयनगर, मथुरा मिस्त्री ग्राम मरकचो, कलीम युद्दीन ग्राम रजौली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार टेंपो में कई लोग सवार होकर कोडरमा से मरकच्चो की तरफ जा रहे थे जो गरचांच के पास पीछे से एक टेंपो जाकर टक्कर मार देने से टेंपो अनियंत्रित होकर पलटने जाने से जो टेंपो में सवार चार लोग घायल हो गये।

## डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में कार्यशाला का समापन

कोडरमा। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में सीबीएसई पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में डीएवी स्कूल एवं कोडरमा जिले के सीबीएसई से सी बी एस ई से संबद्ध अन्य विद्यालयों के 60 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि एहसान उल हक जो हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और रामगढ़ सिटी के सी बी एस ई कोऑर्डिनेटर हैं को प्राचार्य के द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर तथा शिक्षकों के द्वारा स्वागत गीत गा कर स्वागत किया गया। कार्यशाला में भाग ले रहे सभी इस कार्यशाला में डीएवी हजारीबाग के शिक्षक देव मधू व मेरिडियन एकेडमी झुमरी तिलैया के अंग्रेजी शिक्षक सुजीत कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को एडोलसेंस एडूकेशन विषय पर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का आयोजन स्थल निदेशक प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह के दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन कार्यशाला समन्वयक प्रदीप कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी पार्टिसिपेंट्स को सफलतापूर्वक कार्यशाला से लाभान्वित होने के उपलक्ष्य पर बधाई दी। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य ने दोनों रिसोर्स पर्सन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने दो दिनों तक बड़े ही धैर्य व अनुशासन का परिचय देते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## गांव की मिट्टी के साथ ढोल-मांदर की थाप पर पंचायतों के मुखिया ने निकाली तिरंगा यात्रा

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। आजादी की अमृत महोत्सव के तहत अपनी माटी अपना देश अमृत कलश मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का प्रखंड स्तरीय आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से मिट्टी संग्रह करने के बाद पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में मिट्टी को प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल परिसर में लाया गया। जहां सभी पंचायत से लाए गए मिट्टी को पारंपरिक गाजे-बाजे और ढोल नगाड़े के साथ तिरंगा यात्रा की शक्ल में प्रखंड मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। जहां इस दौरान प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर प्रखंड विकास प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत प्रखंड प्रशासन के आधिकारिक कर्मियों के द्वारा पंचायत की कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद प्रखंड परिसर में समारोह का आयोजन करते हुए बारी-बारी से सभी पंचायत से लायी गयी। पवित्र मिट्टी को प्रखंड के पीतल के कलश में डालने का काम पंचायत के मुखिया और अन्य लोगों के द्वारा किया गया। इस दौरान पूरा प्रखंड परिसर पारंपरिक ढोल नगाड़े और मांदर की थाप के बीच देशभक्ति माहौल में वातावरण मय हो गया। जहां लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होता रहा। मौके पर मुखिया कालो देवी, विपिन बिहारी सिंह, पूर्व सैनिक आशीष सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, पूनम देवी, आशा देवी समेत सभी पंचायत के मुखिया अन्य जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में ग्रामीणों प्रखंड अंचल के सभीकर्मी मौजूद थे।

## चुनाव सिर्फ राजनीतिक पार्टियों का नहीं, बल्कि पूरे देशवासियों का है: डॉ फादर एमके जोंस

महुआडांड(आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को राजनीतिक जागरूकता, राजनीतिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वोट से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम इलेक्ट्रोल लिटरेसी कमिटी महुआडांड़ के द्वारा संचालित किया जा रहा था। जिसमें महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, बीडीओ अमरेन डांग आदि उपस्थित थे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम के जोस ने पदाधिकारी का अभिवादन किया तथा बच्चों को उनके आने का प्रयोजन बताया। एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वोट से संबंधित जानकारी दी वोट से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को सभी के बीच साझा किया उन्होंने निर्वाचन आयोग के प्रक्रियाओं और वीडियो को सभी के समक्ष रखा साथ ही साथ निर्वाचन आयोग के थीम सॉन्ग के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया गया और उसे एलईडी स्क्रीन के समक्ष प्रदर्शित किया गया साथ ही साथ उन्होंने कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण करने के लिए लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए तथा लोगों में राजनीतिक जागरूकता लाना बेहद ही आवश्यक है।

## किस्को प्रखंड की पांच पंचायतों में मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत वीर शहीद को दी गयी श्रद्धांजलि

किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी अंतर्गत ग्राम हुआहार निवासी सीआरपीएफ के वीर शहीद हवलदार शिव नारायण भगत को मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सीओ बुड़ायं सारू की अध्यक्षता में असिस्टेंट कमांडेंट रामकरण मीना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मुखिया चांदमुनी उरांव की उपस्थिति में पिरामल फाउंडेशन से एकराम खान तथा नेहरू युवा केंद्र, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुदर्शन लकड़ा के साझा प्रयास से वीर शहीद शिव नारायण भगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत दिवस 5 दिसंबर 1987 को याद किया गया। साथ ही समस्त परिजनों को सॉल देकर सम्मानित कर सभी को एक-एक पौधा अपने घर में उनके नाम पर लगाने के हेतु दिया गया। वहीं वीर शहीद के नाम को शिलापट पर सुनहरे अक्षरों में भी अंकित किया गया। इसके बाद अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। साथ ही सशस्त्र सीमा बल के तरफ से वीर शहीद की याद में पौधरोपण कर सभी को शपथ दिलाई गयी। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट, थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, मुखिया, जनसेवक, पिरामल टीम नेहरू युवा केन्द्र के अध्यक्षनसीम अंसारी सचिव मुन्ना उरांव सहित ग्रामीण जनता तथा युवा, शिक्षक, सेना के जवानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया।

## भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की बैठक आयोजित की गयी



लातेहार(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि और वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।जहाँ सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित करने के पश्चात, जिला अध्यक्ष के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश किया गया तथा प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा रखी गयी। इस दौरान जिला अध्यक्ष के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि 13 -14 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाना है और पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर तिरंगा लगायेंगे। जिला के सभी बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है, 13 अगस्त को विभाजन विभीषिका पर प्रदर्शनी लगाना, 14 अगस्त को मौन जुलूस निकालना,सभी मंडलों में 15 अगस्त को झंडा तोलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाना है। प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रवास कार्यक्रम जो 18 सितंबर को लातेहार जिला को निर्देश प्राप्त हुआ है, उसकी तैयारीपर चर्चा किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य कर्नल बीके सिंह,अमिताभ धीरज, विश्वजीत सिंह, पुरुषोत्तम राय, राकेश दुबे, रामधनी सिंह,जिला मंत्री-कुलामन साहू,ध्रुव पांडे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, शीला देवी, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार प्रमोद कुमार, शंभू प्रसाद उपस्थित थे।

### उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में चला पुलिस और सीआरपीएफ का सोशल ऑपरेशन

# ग्रामीणों के सुख-दुख में पुलिस है उनके साथ: एसपी आर रामकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडे और सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार के संयुक्त अगुवाई में शनिवार को सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के बीच जरूरत के सामानों का वितरण किया गया। पठारी ग्रामीणों से पुलिस अधिकारियों ने सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को चिन्हित किया। ग्रामीण समस्याओं के निपटारे के लिए पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास पत्राचार करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के बीच दूरी पाटकर मैत्री संबंध स्थापित किया गया। सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के समन्वय से ग्रामीण इलाकों का विकास करने की पहल की गई। इस मौके पर एरिया डोमिनेट भी किया गया। सुरक्षा बलो द्वारा उग्रवाद प्रभावित पठारी गांव में ड्रोन उड़ा कर भौगोलिक और ताजा स्थिति की निगरानी और सर्वे किया। एरिया डोमिनेट कर ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। ग्रामीणों से अपनत्व का एहसास करा कर कई जरूरत के सामान पुलिस अधिकारियों ने उन्हें दिया। मौके पर पठारी ग्रामीणों ने पुलिस पर भरोसा जताते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि, भटके ग्रामीण युवाओं को मुख्य धारा में लौटने के लिए ग्रामीण उन्हें प्रेरित करें। कहा पुलिस ग्रामीणों की सुरक्षा और सहयोग के लिए है। एसपी ने कहा, नक्सलियों का मदद ग्रामीण किसी हाल पर नहीं करें। गांव में नक्सली गतिविधि होने पर पुलिस को सूचना देना सुनिश्चित करें। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडे ने भी ग्रामीणों को सुरक्षा और अपनत्व का एहसास कराया। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने पठारी ग्रामीणों को सुरक्षा और सहयोग देने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में बगडू थाना क्षेत्र के हिसरी, कोरगो समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# झारखंड सरकार युवाओं को जेल भेजना चाहती है : छोटू राजा

### प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक लाने से युवाओं में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भारतीय जनता युवा मोर्चा लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में लातेहार बाजारताड़ से समाहरणालय तक हेमंत सरकार द्वारा लाया गया काला बिल प्रतियोगि परीक्षा विधेयक 2023 के खिलाफ युवा आक्रोश मार्च निकाला गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह उपस्थित थे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने बताया कि 3 अगस्त को विधानसभा में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधयक लाया गया। जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं। और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे। ऐसा कानून बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी इस काले कानून का विरोध करती है। यह छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया है। उनका कैरियर तबाह कर देगा। भ्रष्ट और बेईमान अफसर इस घटिया कानून की आड़ में राजनीतिक टूल कीट कि तरह इस्तेमाल होकर बदले की भावना से किसी के घर में घुसेंगे और किसी को भी उठाकर जेल भेज देंगे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने कहा की जब से राज्य बना है। तब से अभी तक के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साबित हुए बोलना कुछ करना कुछ इनकी नियत में है 500000 युवाओं को रोजगार देने का वादा अभी तक पूरा नहीं कर पाये हैं और इसके बाद इस तरह का काला बिल लाना छात्रों के साथ घोर अन्याय है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रघुवीर यादव नीरज सिंह आशुतोष सिंह कैरो भाजपा नेता मोती सोनी महेंद्र समेत कई लोग उपस्थित थे।

# 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कार्यक्रम आयोजित किया

**अपने घरों में तिरंगा अवश्य लगायें और हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करें: अफरोज आलम**

**यह मौका भगवान बिरसा मुंडा और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का है : रामकरण द्विवेदी**


आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर देश के प्रत्येक नागरिक को दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2023 तक अपने घर पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर इसे जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया गया है। इस अभियान का उद्देष्य आमजन के दिलों में देषभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। साथ ही 9 से 30 अगस्त तक 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की शुरूआत की गयी है जिस के तहत देश के कोने कोने से मिट्टी जमा कर के दिल्ली लाया जायेगा और भारत माता की प्रतिमा बनायी जायेगी। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा, लोहरदगा के प्रांगण में 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत और नृत्य, प्रेस वार्ता, पौधारोपण आदि का आयोजन हुआ। साथ ही रंगोली, चित्रांकन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिनमें से विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, मुखिया सेन्हा धनवाज उरांव, नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा और गुमला के ज़िला युवा अधिकारी अब्दुल फारूख खान, वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से महात्मा गांधी, भगवान बिरसा मुंडा और कस्तूरबा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक वेबसाइट https://merimaatimer-adesh.gov.in लॉन्च की गयी है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं और भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाणपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त, 2023 के बीच मनाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ श्री अतुल्यम रत्न तिर्की, श्री संजय साहू की महती भूमिका रही। स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि कार्यक्रम को कवर करते रहे।

# प्रेम प्रसंग के शक में युवक को अधमरा कर फेंका, इलाज के दौरान मौत

**किस्को पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक बार प्रेम प्रसंग के शक पर एक युवक को प्लानिंग के तहत फोन कर मध्य रात्रि में घर बुलाकर पहले जमकर धुनाई करने और युवक को मरा हुआ समझकर रात के 9 बजे फेंके जाने मामले का किस्को पुलिस ने सुलझा लिया है। यहां पर बता दें कि बीते 8 अगस्त को किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के अंबा टोली निवासी चमरा भगत का पुत्र विनेश भगत को ख्वास किस्को निवासी रामचंद्र उरांव का पुत्र दिलीप उरांव और उसकी पत्नी राजकुमारी उरांव एवं शिवचरण उरांव की पत्नी ग्राम पंचायत परहेपाट पूर्वी क्षेत्र की पंचायत समिति सदस्या राजमुनी उरांव के द्वारा बेरहमी से मारकर अधमरा कर दिया और मरा हुआ समझकर रात में ही युवक विनेश भगत को मुख्य चौक के बगल पर स्थित मिडिल स्कूल मैदान में फेंक दिया गया। इधर इसकी सूचना अहले सुबह में जब किस्को थाना पुलिस को हुई तो तत्काल घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। इस दौरान सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम के द्वारा इलाज करने के बाद युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 9 अगस्त से घायल युवक का इलाज रिम्स रांची में चल रहा था। इस बीच शुक्रवार की रात लगभग 1:00 बजे मृत्यु हो गयी।

**परिजनों के आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन को भेजा जेल**

उक्त आवेदन के आधार पर किस्को थाना पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले नामजद आरोपी रामचंद्र उरांव का पुत्र दिलीप उरांव, दिलीप उरांव की पत्नी राजकुमारी उरांव और शिवचरण उरांव की पत्नी जो ग्राम पंचायत परहेपाट पूर्वी क्षेत्र की पंचायत समिति सदस्या राजमुनी उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने बताया कि युवक के भाई द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें तीन लोग पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने बताया कि इस संदर्भ में किस्को थाना कांड संख्या 25/023 धारा 323/307/201/34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया गया और तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## काम के अभाव में 17 मजदूर कर गये पलायन



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में एक ओर जहां रोजगार का भारी अभाव है, वही मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनायें पंचायतों से मजदूरों का पलायन रोकने में विफल नजर आता रही है। जहां प्रखंड में काम के अभाव में शनिवार को गड़बूढ़नी पंचायत के ग्राम कापू से 17 मजदूरो का एक जत्था केरल मजदूरी करने महुआडांड़ बस स्टैंड से गाड़ी पकड़ कर निकला। वही जिसमें जग्गा, ठेपईल, नामुल, चरकू, नूरूल, अमीर, जमीर, अनामुल आदि मजदूरो ने कहा कि क्षेत्र में मनरेगा योजना में तलाब, कच्ची सड़क, जैसी कोई बड़ी कोई योजना संचालित नही होती है, वही छोटी योजनाओं में ज्यादा मजदूर शामिल नही होते है, मनरेगा को छोड़ दूसरे विभाग में मजदूरों को काम नही मिलता है, उसमें ज्यादा मशीन से काम कराया जाता है. यह भी कहा इस साल सुखाड़ जैसी स्थिति ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बारिश के पानी का अभाव में प्रखंड क्षेत्र में पूर्ण रूप से धान रोपनी नहीं होने पर ज्यादातर खेती बंजर नजर आ रही हैं, ऐसे में मजदूरों का पलायन लगातार जारी है।

## मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन



बारियातू (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर शनिवार को बालुभांग पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गुरवे में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता पंचायत के मुखिया केदार गंझु ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक अभियान चला कर अमृत वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत घर घर तिरंगा लगाने की भी चर्चा की। और कहा कि हम पौधारोपण कर भारत की आजादी हेतु अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहें हैं। मौके पर उप मुखिया बिनोद कुमार यादव, बीपीओ रवी यादव, शिक्षक जयकाली नाथ शाहदेव, बीएफटी धिरज राणा के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। शनिवार को अतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, सेरेंगहातु के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तिरंगा झंडा चित्र बनाने को दिया गया था। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर पंचम कक्षा की सरया नाज, द्वितीय स्थान पर पंचम कक्षा के हर्ष कुमार और तृतीय स्थान पर प्रथम कक्षा के सरेश कुमार आये हैं। सभी बच्चों ने अच्छा चित्र बनाया था। इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में सुबह से ही उत्साह दिख रहा था। इस मौके पर बी के बालानिजनप्पा समेत प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के रानी, ज्योत्सना, सुधा मिश्रा, कनीशका साहु, सरहा, जहाँन, असरेता खलखो, पुष्पा चेपो, रोमा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## सीआरपीएफ ने मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव समापन समारोह के दौरान किस्को पंचायत के सेमरदीह गाँव में स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरडीह में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। इसके तहत सीआरपीएफ - 158 बटालियन के राम करन मीना, सहायक कमांडेंट ने सीआरपीएफ के हव0/जीडी शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी वीरनारी गंगिया देवी को मिष्ठान तथा शॉल भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही हव0/जीडी शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि सीआरपीएफ के समस्त अधिकारी और कार्मिक उनके सुख-दुखः में सदैव उनके साथ खड़े हैं । तदोपरांत खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर शहीद शिव नारायण भगत की याद में उनके नाम का शिलापट की सस्थापना की तथा इस उपलक्ष्य में पौधारोपण भी किया गया।

## लालीगड़ा चेक डैम की मरम्मत शीघ्र करायी जाये : अनीता देवी



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार से मिलकर बालूमाथ के कोमर ग्राम अंतर्गत वन विभाग द्वारा बनाया गया लालीगढ़ा चेक डैम जो की बारिश में टूट गया है, की अविलंब मरमती की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में यह बताया है कि इस चेक डैम से कोमर और अन्य ग्राम के कई किसान लाभान्वित हो रहे हैं और इससे लगभग 25 से 30 एकड़ जमीन की सिंचाई भी होती है। चेक डैम टूट जाने से किसानों में मायूसी है। उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी से व्यक्तिगत रुचि लेते हुए इस चेक डैम की अविलंब मरमती की मांग की है। उपाध्यक्ष महोदया के द्वारा यह बताया गया कि उनकी वन प्रमंडल पदाधिकारी से वातालर्लाप सकारात्मक रही और उन्होंने इस चेक डैम की जल्द मरमती का आश्वासन दिया है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीआरएनसी-64 एवं 66-2023, दिनांक 11.08.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-64-2023;** (i) गुण्डा, तिरुलडीह, पिरका एवं सुईसा में पीडब्ल्यूआई के लिए 04 अदद टाइप-III क्वार्टरों का निर्माण तथा (ii) इटकी, नरकोपी, आकाशी, ईरगाँव, हेन्दलासो भोक्ता बगीचा, सोनडिमरा, बंदीकुई, हसलंग पीएच एवं बेगुल कोदार में रेलवे कर्मचारी के लिए हॉल्ट एवं वे साइड स्टेशन में जल आपूर्ति व्यवस्था का प्रावधान; रु. 1,84,84,671.92; रु. 2,42,400; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-66-2023;** टटीसिलवई: 1 इन 12 प्वाइंटों तथा क्रॉसिंगों द्वारा 1 इन 8.5 प्वाइंटों तथा क्रॉसिंग के प्रतिस्थापन द्वारा टटीसिलवई-सॉकी लाइन के संबंध में; रु. 45,66,457.66; रु 91,300/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** ऊपर उल्लेखित निविदा के लिए 04.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं, पिन कोड-834003। **(PR-505)**



**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**Walk-in-Interview**

For appointment of **Director** in **Institute of Legal Studies, R.U.** on contractual basis is scheduled to be held on **24.08.2023** from **10:30 AM** onwards at **Institute of Legal Studies, Morabadi, R.U. Campus Ranchi.**

For further details visit to **www.ranchiuniversity.ac.in**

**By order of the Vice-Chancellor**
**Sd/- Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

**Memo No.:** RU/ CVS/5425/2023
**Dated :** 12.08.2023

# झारखण्ड के इतिहास में दूसरी बार आयोजित हुआ झारखण्ड आदिवासी महोत्सव...





आदिवासी बहुल झारखण्ड राज्य 20 वर्ष से अधिक समय से आदिवासी महोत्सव के आयोजन की बाट जोह रहा था। उसे संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व ने पूरा किया। लगातार दो वर्षों से आदिवासी महोत्सव के आयोजन के हम साक्षी बन रहें हैं। झारखण्ड समेत देश-विदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में देखने को मिला और इसका गवाह बना रांची स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान।














P.R. 304595 (IPRD) 23-24

## समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

जहां चलना ही नृत्य और बोलना संगीत हो, उस धरती पर समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की अविस्मरणीय गूंज का पूरा विश्व साक्षी बना। झारखण्ड के अमर वीर पुरूखों और वीरांगनाओं तथा महान क्रांतिकारियों के अथक संघर्ष से सनी झारखण्ड की वीर भूमि को सबने प्रणाम किया। रीझ रंग रसिका रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप और विभिन्न वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदायों के कदम थिरके, तब पूरे विश्व को द्वितीय झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 की भव्यता दिखी।

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव के मंच से राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने समस्त आदिवासी समाज से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी अन्य समाज की तरह आदिवासी समाज के बच्चे भी उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकेंगे।

महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड आदि के आदिवासी समुदायों की समृद्ध संस्कृति और सभ्यता से राज्यवासी रुबरु हुए। देश भर के आदिवासी समाज की वैभवशाली संस्कृति ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में अमिट छाप छोड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य, असम का लेवा टाना नृत्य, बिहु नृत्य, स्थानीय आदिवासी का डोमकच लोक नृत्य, गुजरात के अफ्रीकन आदिवासी समुदाय द्वारा सिद्धि धमाल नृत्य से अपनी संस्कृति को सहेजने की ललक कलाकारों में नजर आई। पद्मश्री मुकुंद लाल नायक के नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति और पद्मश्री मधु मंसूरी के "हम गांव छोड़ब नाहीं" जैसे गीत ने इस महोत्सव को जीवंत कर दिया।

एक ओर जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, वहीं दूसरी ओर आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौतियां और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, आदिवासी व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य विषयों पर देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों द्वारा की गयी चर्चा ने आदिवासी समाज की आज की जरूरतों को पटल पर लाकर रखा। साथ ही सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था- एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, आदिवासी साहित्य जैसे विषयों पर लोगों ने अपनी बातों को रखा। महोत्सव में मन को तृप्त करने वाले आदिवासी व्यंजनों का स्वाद सभी के दिलों को छू गया। महोत्सव में ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर का आयोजन हुआ, जहां कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया।

आदिवासी परिधान की विविधताओं को प्रदर्शित कर फैशन शो ने आधुनिक समय में आदिवासी युवाओं की शानदार सहभागिता पर मुहर लगाई, साथ ही पूरे विश्व को अहसास करा दिया कि हम किसी से कम नहीं।

धन्य हुई झारखण्ड की वीर भूमि जहां दशकों बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में महोत्सव का आयोजन पूरी दुनिया को आदिवासी संस्कृति और परंपरा को एक बार पुन: पुनर्जीवित करने का संदेश दे गया।



"मुझे इस बात का गर्व है कि मैं एक आदिवासी मुख्यमंत्री हूं। आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी पहचान आगे बढ़े, यही मेरा प्रयास है। नृत्य, संगीत के साथ-साथ अपने अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करना आदिवासी समाज की पहचान रही है। सभी आदिवासी समाज एक है, अत: हमें एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। "

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

#JharkhandSeJohar


















## 02 दिन, 10 राज्य और 1,112 कलाकारों ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 में भाग लिया...

# गतिरोध में बीता सत्र

आखिर हंगामे, बायकॉट और स्थगन के ही माहौल में शुक्रवार को संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। आखिरी दिन भी कामकाज नाम मात्र का ही हुआ। इस पूरे सत्र में कई जरूरी बिल पास हुए, लेकिन चर्चा और बहस किसी पर नहीं हुई। अपवाद दिल्ली सेवा बिल रहा, जिस पर दोनों पक्षों के बीच लंबी चर्चा हुई। विपक्ष की ओर से महत्वपूर्ण आपत्तियां दर्ज करायी गयीं तो सत्ता पक्ष की ओर से उसके बिंदुवार जवाब दिये गये। इस एक चर्चा को छोड़ दिया जाये तो यह पूरा सत्र मणिपुर पर चर्चा की मांग की भेंट चढ़ गया। जो अविश्वास प्रस्ताव इस सत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बना, उसके पीछे भी यही बात रही कि मणिपुर पर स्वस्थ, सार्थक चर्चा की कोई राह सत्तापक्ष और विपक्ष नहीं ढूंढ पाये। दिलचस्प है कि शुरू से आखिर तक दोनों पक्ष यही दावा करते रहे कि वे मणिपुर के हालात पर चर्चा करना चाहते हैं। समझना मुश्किल है कि यह कैसी इच्छा थी, जो लगातार बातचीत के बाद भी दोनों पक्षों को समय रहते सहमति के किसी ऐसे बिंदु पर नहीं ला सकी, जिससे मणिपुर पर सदन के अंदर सार्थक चर्चा भी होती और मॉनसून सत्र का कामकाज भी हो पाता। बहरहाल, इसी सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता की बहाली भी हुई, जो मानहानि के एक मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा दो साल कैद की सजा सुनाये जाने के बाद छिन गयी थी। आखिर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने से एक दिन पहले उनकी सदस्यता बहाल हुई और वह इस चर्चा में शिरकत कर सके। उनके भाषण की वजह से और कुछ हुआ हो या न हुआ हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनाम राहुल का वह नैरेटिव एक बार फिर सामने आ गया, जिसे सत्तापक्ष अपने लिए अनुकूल बताता रहा है और जिससे विपक्ष का कम से कम एक वर्ग कथित तौर पर बचने की कोशिश करता रहा है। पिछले कुछ सत्रों की तरह संसद का यह सत्र भी सदन के अंदर से ज्यादा सदन के बाहर लगी गांधी प्रतिमा के पास ही विपक्ष के विरोध प्रदर्शन का गवाह बना। विपक्षी सांसदों को सजा के तौर पर कार्यवाही से बाहर करने या निलंबित करने के मामले इस बार भी हुए। आप सांसद संजय सिंह को तो अगले सत्र के लिए भी निलंबित करने का फैसला ले लिया गया। राघव चड्ढा के खिलाफ फर्जीवाड़े का आरोप लगाया गया, तो लोकसभा में कांग्रेस के सदन नेता अधीर रंजन चौधरी तीखे भाषण के चलते निलंबित किये गये। कुल मिला कर देखा जाये, तो संसद का यह सत्र भी देश में संसदीय लोकतंत्र के भविष्य को

**समझना मुश्किल है कि यह कैसी इच्छा थी, जो लगातार बातचीत के बाद भी दोनों पक्षों को समय रहते सहमति के किसी ऐसे बिंदु पर नहीं ला सकी, जिससे मणिपुर पर सदन के अंदर सार्थक चर्चा भी होती और मॉनसून सत्र का कामकाज भी हो पाता।**

**युवाओं के बीच हरित कौशल को बढ़ावा देना न केवल उन्हें उभरते हरित उद्योगों में भविष्य में नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करता है, बल्कि पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता की भावना को भी बढ़ावा देता है। युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी संगठन हरित कौशल के साथ प्रशिक्षण, शिक्षा और संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये कौशल जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और पर्यावरणीय गिरावट की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक हैं।**

# हमारे युवा हरित परिवर्तन और आशा के अग्रदूत बनें

**बंडारू दत्तात्रेय**

युवाओं में भारत को और अधिक बेहतर बनाने की अपार क्षमता है। वे नशीली दवाओं के दुरुपयोग, गरीबी और बेरोजगारी जैसी सामाजिक बुराइयों और चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, लोगों के व्यापक हित में उनकी प्रतिभा को उजागर करने के लिए उन्हें सही प्रकार के मानवीय मूल्यों, कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करना समय की मांग है।

किसी राष्ट्र की प्रगति युवा ऊर्जा के सर्वोत्तम और सकारात्मक उपयोग पर निर्भर करती है। अगर युवा गुमराह हों, तो समाज को बहुत नुकसान होता है। हमने जापान में युवाओं की ताकत देखी है। इसके दो शहर-हिरोशिमा और नागासाकी-द्वितीय विश्व युद्ध में राख में बदल गये थे। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सकारात्मकता के दम पर जापान के युवाओं ने न केवल दो तबाह शहरों का, बल्कि पूरे देश का पुनर्निर्माण किया। आज जापान विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था है। यही देशभक्ति एवं राष्ट्रवाद की शक्ति है।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस (12 अगस्त) की थीम उपयुक्त है-युवाओं के लिए हरित कौशल एक सतत विश्व की ओर। हरित कौशल क्या है? यह एक टिकाऊ और संसाधन सम्पन्न और-कुशल समाज में रहने, विकसित करने और समर्थन करने के लिए आवश्यक ज्ञान, योग्यताएं, मूल्य और दृष्टिकोण हैं। युवाओं के बीच हरित कौशल को बढ़ावा देना न केवल उन्हें उभरते हरित उद्योगों में भविष्य में नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करता है, बल्कि पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता की भावना को भी बढ़ावा देता है। युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी संगठन हरित कौशल के साथ प्रशिक्षण, शिक्षा और संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये कौशल जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और पर्यावरणीय गिरावट की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक हैं।

**निःसंदेह, हमारे युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ तथा चरित्र में मजबूत होना चाहिए।**



**युवाओं में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने से सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है, जिससे उन्हें सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से शामिल होने और अपने आसपास की दुनिया की बेहतरी में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से संबंधित ज्ञान और कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित युवा स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों के डिजाइन, स्थापना और रख-रखाव में योगदान दे सकते हैं। इसी तरह, नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को समझने से युवाओं को इमारतों से लेकर परिवहन तक विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा की खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अवसरों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। संसाधन प्रबंधन में कौशल रखने वाले युवा कृषि और जल प्रबंधन में स्थायी प्रथाओं में योगदान दे सकते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन सिद्धांतों और पुनर्चक्रण तकनीकों का ज्ञान युवाओं को अपने समुदायों में अपशिष्ट कटौती और पुनर्चक्रण पहल हेतु नवीन समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बना सकता है। पर्यावरण निगरानी और विश्लेषण में कौशल युवाओं को पर्यावरणीय मुद्दों का आकलन और समाधान करने, बेहतर निर्णय लेने और सतत विकास में योगदान करने में सक्षम बनाता है। यह वास्तव में खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और 2070 तक शुद्ध-शून्य तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय बजट 2023-24 में कई ऐतिहासिक निर्णयों की घोषणा की गयी है, जो भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उदाहरण के लिए, ऊर्जा संक्रमण और शुद्ध शून्य उद्देश्यों की दिशा में प्राथमिकता वाले पूंजी निवेश के लिए 35,000 करोड़ रुपये और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा संक्रमण को सुविधाजनक बनाने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के लिए 19,700 करोड़ रुपये। गोलाकार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए गोबर्धन (गैल्वनाइजिंग ऑर्गैनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन) योजना के तहत 500 नये कचरे से धन संयंत्र स्थापित किये जायेंगे।

हालांकि, हमारे युवा केवल सर्वोत्तम कौशल हासिल करने और उनका अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम होंगे, यदि वे ईमानदारी, सहानुभूति, सम्मान, अखंडता और करुणा जैसे मानवीय मूल्यों से अच्छी तरह सुसज्जित होंगे। जब युवा मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हैं, तो वे अपने कार्यों और निर्णयों के प्रति अधिक जागरूक हो जाते हैं, जिससे उनके व्यवहार और समाज पर इसके प्रभाव के प्रति जवाबदेही की भावना पैदा होती है। युवाओं में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने से सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है, जिससे उन्हें सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से शामिल होने और अपने आसपास की दुनिया की बेहतरी में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमें अपने युवाओं को सभी बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ने की भावना विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था- उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये।

उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं में लोहे की मांसपेशियां, स्टील की नसें और विशाल दिल होना चाहिए। निःसंदेह, हमारे युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ तथा चरित्र में मजबूत होना चाहिए। इसी भावना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां मैं एक और महत्वपूर्ण कहावत का भी उल्लेख करना चाहूंगा- यदि धन खो गया, तो कुछ भी नहीं खोया। यदि स्वास्थ्य खो गया, तो कुछ खो गया। यदि चरित्र खो गया, तो सब कुछ खो गया। आत्मविश्वास, राष्ट्रवादी उत्साह और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण युवा ही हमारे लिए सच्ची संपत्ति होंगे। चरित्र निर्माण हमारे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए फोकस का क्षेत्र होना चाहिए। आइए, अपने युवाओं को आशा, हरित और सकारात्मक बदलाव का अग्रदूत बनने के लिए तैयार करें।

**(लेखक : हरियाणा के राज्यपाल हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड का किया दौरा, समस्याओं से हुए अवगत, दिया आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने सालगाझरी क्षेत्र का दौरा किया। शनिवार को विधायक के पहुँचते ही ग्रामीणों के चहरे में खुशी देखने को मिला। उन्होंने गर्मजोशी के साथ विधायक का स्वागत किया। मौके पर जमशेदपुर प्रखंड के सालगाझरी क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन में सौचालय का मरम्मती, जाहेरस्थान का सौंदरीकरण व सामुदायिक भवन का जीणोर्धार की समस्या से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने ग्रामीणों को जल्द समस्याओं का समाधान के लिए आश्वासन दिए। वहीं दक्षिणी हलुदबनी पंचायत के नामोटोला सांस्कृतिक भवन में स्थानीय लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को सड़क नाली निर्माण के लिए मांग की। विधायक ने क्षेत्र का निरीक्षण कर जल्द निदान की बात कही। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मुखिया अजित भूमिज, अर्जुन सिंह, राकेश रंजन, संतोष सिंह, सुरेश शर्मा, लक्ष्मी प्रशाद, पापिया देवी, प्रदीप गुहा, माँझी बाबा पालू राम हेमब्रम, माँझी बाबा राम पड़िया, झामुमो नेता राकेश चक्रवर्ती, कार्तिक मछुआ, ब्रजेश गुप्ता, चंद्रमोहन सोरेन, सेलाई पूर्ति, सोमरा बेसरा, साहिल खाखा, सामु हांसदा, जुझार कालुनडिया, शंकर टूडु, दोसमा बेसरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सांसद ने कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए प्रधान डाकघर से राष्ट्रीय तिरंगा झंडा खरीदा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आगामी 13 से 15 अगस्त तक शहर में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए बिस्टुपुर प्रधान डाकघर में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा क्रय किया। जिसे संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में वितरित किया जायेगा। सांसद महतो ने सभी जनता से आग्रह किया वे अपने अपने घरों पर अवश्य तिरंगा फहरायें। उन्होंने कहा आजादी में देश के सिपाहियों ने जिस भावना के तहत अपने प्राणों की आहुति मातृभूमि के लिए दी उन्हें नमन करने व श्रद्धांजलि देने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान प्रधान डाकघर में सांसद ने कार्यकर्ताओ के संग तिरंगा झंडा के साथ सेल्फी ली।



**सांसद महतो ने सभी जनता से आग्रह किया वे अपने अपने घरों पर अवश्य तिरंगा फहरायें।**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, रीता मिश्रा, राजेश शुक्ला, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, नीरज सिंह, दीपू सिंह, संजय तिवारी, विनोद राय, चितरंजन वर्मा, नागेंद्र पांडेय, मारूति पांडेय, गौरव पुष्टि संजीव कुमार सहित डाक निरीक्षक दिवाकर कुमार दीपक, अमरेंद्र कुमार सिंह, निशात कुमार, उमेश प्रसाद सिन्हा, शशि कुमार, कौशिक कुमार, जोगेंन कुमार महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कांड्रा में किराये के मकान में बेहोश अवस्था में मिले एक ही परिवार के चार लोग, जांच में जुटी पुलिस






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** कांड्रा ओवरब्रिज के समीप किराए के मकान में राहने वाले अमलगम कंपनी के मजदूर रमेश हांसदा,पत्नी माधुरी हांसदा, बड़ी बेटी प्रतिमा व छोटी बेटी प्रिया को बेसुध अवस्था में पाया गया। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची घर से बरामद परिवार के सदस्य को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां मजदूर रमेश हांसदा व उनकी छोटी बेटी प्रिया की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने जमशेदपुर रेफर कर दिया। वही पत्नी माधुरी व बड़ी बेटी प्रतिमा का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मजदूर रमेश हांसदा परिवार सहित कांड्रा ओवर ब्रिज के समीप राजू महतो के मकान में किराए पर रहता था। शुक्रवार की रात मजदूर खाना-पीना खाकर अपने घर में परिवार के साथ सोया था। सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घर के एस्बेस्टस को तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

जहां सभी बेसुध अवस्था में पाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेरी माटी मेरा देश'जन-जन तक भाजपा पहुंचायेगी राष्ट्र प्रेम का संदेश



**जमशेदपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'मेरी माटी मेरा देश' व 'हर घर तिरंगा' अभियान की सफलता व भव्यता को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर सभी तैयारियां पूरी कर ली। साकची स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के समीप व्यापक तैयारी की गईं। शनिवार को महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारी व मोर्चा अध्यक्षों के संग कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो शामिल होंगे। जहा महानगर के सभी मंडल अध्यक्षों को तीन रंगों से सुसज्जित कलश व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किये जायेंगे। इन कलशों में भाजपा कार्यकर्ता मंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख स्थल व महापुरुष के प्रतिमा स्थल के समीप की मिट्टी को एकत्रित कर अलग-अलग कलशों में रखेंगे। छह दिवसीय इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर शहर के कोने-कोने से मिट्टी एकत्रित करेंगे। श्री यादव ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान व भाजपा झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार अमृत महोत्सव के समापन को यादगार बनाने के लिए कार्यकताओं व आमजनों में गजब का उत्साह है। अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों व वीरों को नमन करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन को बलिदान दिया।

# लूट कांड के फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनगर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी विमल कुमार के निर्देश पर जिले पुलिस पदाधिकारी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को राजनगर पुलिस ने लूट कांड में फरार आरोपी नकुल महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीते 26 अप्रैल को राजनगर के गोपीनाथपुर केनाल के पास बैंक कलेक्शन एजेंट से हथियार का भय दिखाकर एक लाख संतवान हजार के लूटपाट की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया था। घटना में शामिल मोहम्मद हुसैन व लखन महतो को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया था। वही छापेमारी के दौरान एक अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा था। जिसके घर में तलासी के दौरान हथियार बरामद किया गया था। सभी अपराधियो का पूर्व में भी लूट के मामले में आपराधिक इतिहास रहा है। लुटेरे सरायकेला जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पांच लूट कांड की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लूट कांड में फरार अभियुक्त नकुल महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## जल संसाधन विभाग के आदेश पर हावी दिख रहा भ्रष्टाचार

# कहानी लिपिक राकेश मोहन मेधावी की, जिससे 25 सालों से कोई नहीं पा सका पार

**राकेश मोहन मेधावी लगभग 25 वर्षों में सिर्फ छह महीने के लिए चांडिल कार्यालय से बाहर दूसरे स्थान पर कार्यरत रहे।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत मुख्य अभियंता कार्यालय, चांडिल कांप्लेक्स, जमशेदपुर में राकेश मोहन मेधावी पिछले लगभग 25 वर्षों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यरत रहे हैं। लगातार प्राप्त हो रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विभाग द्वारा उनका स्थानांतरण पांकी, डाल्टनगंज किया गया, परंतु वह अभी भी कार्यालय आकर पूर्ववत कार्य कर रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेधावी अपने पैसों के दम पर और मुख्य अभियंता संजय कुमार द्वारा समर्थन प्राप्त कर और विभागीय पदाधिकारियो की मिलीभगत से यथास्थान बने हुए हैं।

बता दें कि राकेश मोहन मेधावी लगभग 25 वर्षों में सिर्फ छह महीने के लिए चांडिल कार्यालय से बाहर दूसरे स्थान पर कार्यरत रहे। जानकारी के अनुसार गत 27 जुलाई को जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मेधावी का ट्रांसफर किया गया, परंतु वह पूर्ववत कार्यालय आकर कार्य करते रहे। इसके बाद जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा सात अगस्त को शुद्धि पत्र निकाला गया, जिसमें झारखंड सरकार के आदेश के तहत इनका ट्रांसफर प्रशासनिक दृष्टिकोण से औरंगा बांध प्रमंडल, पांकी किया गया। उसके बावजूद मेधावी जमशेदपुर के कार्यालय में कामकाज देख रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार चीफ इंजीनियर संजय कुमार द्वारा लिपिक राकेश मोहन मेधावी को सहयोग पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों से पत्राचार किया जा रहा है, ताकि उनके ट्रांसफर को किसी प्रकार से रोका जा सके। बता दें कि लिपिक राकेश मोहन मेधावी वीरेंद्र राम के सहयोगी रह चुके हैं।

**प्रेस कांफ्रेंस :** उपायुक्त ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान एवं 'मतदाता सूची पुनरीक्षण' कार्यक्रम की दी जानकारी, कहा

# देश प्रेम से बड़ा कुछ नहीं, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है

13, 14, 15 अगस्त को हर घर एवं सभी संस्थान में तिरंगा फहराने एवं राष्ट्रगान की अपील की

आमजन भी जागरूक होकर अपने मतदाता सूची वेरिफिकेशन आवश्य कराएं




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने दो महत्वपूर्ण विषय 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान एवं 'मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण' कार्यक्रम 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। मीडिया को उपायुक्त ने बताया कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को लेकर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में संचालित हो रहा है। उपायुक्त ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में निर्धारित सभी कार्यक्रम का पंचायतों में क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के समापन एवं स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर आमजनों में देशप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से देशभर में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान चलाया जा रहा है। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को मुहिम का रूप देने के उद्देश्य से सभी पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पंचायतों एवं ग्रामों से कलश में मिट्टी एकत्र कर उसे प्रखंड के माध्यम से उक्त एकत्र मिट्टी को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली ले जाया जाएगा, जहां देश भर की मिट्टी को एकत्र कर 30 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गढ़वा जिला से 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आमजनों, सभी संबंधित पदाधिकारी एवं मीडिया की सहभागिता काफी अहम है। उपायुक्त ने बताया कि 13, 14 एवं 15 अगस्त को हर घर, सरकारी-गैर सरकारी सभी कार्यालयों एवं संस्थान में तिरंगा फहराने एवं राष्ट्रगान की अपील मीडिया के माध्यम से की गयी। उपायुक्त ने कहा कि देश प्रेम से बड़ा और कोई प्रेम नहीं है, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 विषय पर भी जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 01.01.2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत गढ़वा जिला में डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने या किसी भी प्रकार का मतदाता सूची में सुधार/ वेरिफिकेशनका का कार्य बीएलओ द्वारा विगत 21 जुलाई 2023 से लेकर 21 अगस्त 2023 तक जारी है। उपायुक्त ने मीडिया के माध्यम से आमजनों से भी अपील की कि वह भी जागरूक होकर अपने मतदाता सूची वेरिफिकेशन आवश्य कराएं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, कार्यपालक पदाधिकारी गढ़वा नगर परिषद सुशील कुमार, अंचल अधिकारी गढ़वा कुमार मयंक भूषण सहित कई पदाधिकारी एवम

## 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

गढ़वा प्रखंड के परिहारा पंचायत में मुखिया ने सभी लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा एवं जिला प्रशासन गढ़वा के द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सभी 189 पंचायतों में आज एक साथ माटी का वंदन वीरों का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के परिहारा पंचायत में मुखिया रविंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग ओमप्रकाश गुप्ता, उप मुखियापति मुन्ना सिंह, पंचायत अध्यक्ष राकेश बैठा, वार्ड सदस्य अनीता देवी, रामचंद्र यादव, कुसमी देवी, खेल प्रशिक्षक विजय सिंह समाजसेवी देवव्रत सिंह, उदय सिंह, बसंत पासवान, गुड्डू रोजगार सेवक खलील अंसारी, महिला सखी जरीना बेबी, जाशींता देवी एवं नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के लेखापाल चार्ल्स बोदरा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रविंद्र राम मुखिया के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। चार्ल्स बोदरा के द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने माटी को नमन वीरों का वंदन थीम पर आयोजित आज के इस कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत से जो मिट्टी इकट्ठा की जा रही है, उसे देश की राजधानी दिल्ली ले जाया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी लोगों को मुखिया रविंद्र राम के द्वारा पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। जिसके पश्चात परिहारा खेल मैदान के चारों ओर 75 पौधों का रोपण किया गया और हाथों में मिट्टी लेकर कलश में एकत्र की गयी। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

इस अवसर पर परिहारा पंचायत और आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

## विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति को विश्वविद्यालय में आने का दिया न्योता

राष्ट्रपति ने शिक्षा के क्षेत्र में रामचंद्र चंद्रवंशी की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआंव विश्रामपुर के विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने अपने विश्वविद्यालय में किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों से राष्ट्रपति को अवगत कराया। इस संबंध में जानकारी देते हुए, श्री चंद्रवंशी ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए एक बार वहां आने के लिए उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया। मिलने के दौरान श्री चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति को झारखंड की स्थिति से भी अवगत कराया।

इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही कहा कि अति पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा संस्थान खोलकर बच्चों को शिक्षा और रोजगार से जोड़ना देश के लिए सच्ची सेवा है। राष्ट्रपति से मिलने के बाद विधायक चंद्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रपति महोदय ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। आने की तारीख अभी नहीं मिल पाई है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि उन्हें पिछड़े इलाके के गरीब वंचित एवं जरूरतमंदों की सेवा करने में काफी रुचि रही है। इसीलिए वे उनके कार्य से झारखंड में रहने के दौरान ही काफी प्रभावित रही हैं। चंद्रवंशी ने कहा कि जब वह विश्वविद्यालय आएंगी तब उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और उनके सम्मान में ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**प्रदर्शन :** सीएम के बयान के खिलाफ अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का आक्रोश मार्च

# सदर अस्पताल से रंका मोड़ तक निकाली रैली

सदस्यों ने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द अपने फैसले को वापस लेने की मांग की गयी अन्यथा आंदोलन जारी रखने की बात कही




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** बिना फार्मासिस्ट डिग्री के ही दवा दुकान खोले जाने के झारखंड के मुख्यमंत्री के बयान के विरोध में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च रैली सदर अस्पताल से रंका मोड़ तक निकाली गयी। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि किसी भी बीमारी के इलाज हेतु औषधियों की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। लेकिन एक अप्रशिक्षित व्यक्ति के द्वारा दी गई और एक भी मरीज को कुछ नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? दवा की उपयोगिता के साथ-साथ दुष्प्रभाव की भी जानकारी होना अनिवार्य है। जो सिर्फ एक शिक्षित फार्मासिस्ट को ही पता होता है। इसलिए, मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द अपने फैसले को वापस लेने की अपील की जाती है। अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा।

जिला संगठन मंत्री शिवराज ने कहा कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली के द्वारा एक आदेश जारी किया गया। जिसमें दवा वितरण एवं भंडारण में फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सभी ड्रग कंट्रोलर को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड में फार्मेसी के 56 कॉलेज खुले हैं। झारखंड राज्य में करीब अभी तक 10000 निबंधित फार्मासिस्ट हैं। पिछले चार सालों में करीब छह हजार से ज्यादा फार्मासिस्ट का निबंधन झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल में हुआ है।

जिला उपाध्यक्ष विवेक कश्यप ने कहा कि जहां पिछले 23 वर्षों से झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट की नियमित बहाली नहीं हुई है। भारत सरकार द्वारा गजट के माध्यम से फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 को लागू कर दिया गया है और बिहार एवं अन्य राज्य में भी इसे लागू कर दिया गया लेकिन अभी तक झारखंड में लागू नहीं किया गया। मौके पर जिला सचिव शैलेंद्र विश्वकर्मा छोटू यादव राजू ठाकुर एवं जिला महासचिव दिवाकर शरण तथा जिले के लगभग 500 फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# आदिवासियों के अधिकार छीननेवालों को चिह्नित करने की है जरूरत :

जल जंगल जमीन की रक्षा करनी है तो आदिवासियों का संरक्षण करना होगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** आदिवासियों के अधिकार को छीनने वालों को हमें चिन्हित करना होगा। क्योंकि ऐसे लोगों की नजर हमारे जल जंगल जमीन के साथ साथ हमारी अस्मिता पर भी है। उक्त बातें आदिवासी सेना की केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड की प्रसिद्ध समाजसेवी कुमुदनी प्रभावती ने कही। वह शनिवार को आदिवासी एकता मंच के बैनर तले आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी समाज को संबोधित कर रही थी।

चैनपुर के बरवे मैदान में अयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा विश्व जानता है कि अगर प्राकृति से कोई जुड़ा है तो वह आदिवासी है। पर्यावरण की सुरक्षा कर सकता है तो आदिवासी कर सकता है। इसीलिए पूरा विश्व आदिवासी दिवस मना रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर विश्व की सुरक्षा करनी है, तो जल जंगल जमीन की रक्षा करनी होगी। जल जंगल जमीन की रक्षा करनी है तो आदिवासियों का संरक्षण करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज आदिवासियों के बीच नशापान की लत और शिक्षा का अभाव सबसे बड़ी परेशानी है। नशे का त्याग कर और शिक्षा को बढ़ावा देने से हम आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के जरिये हम आज की युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से जोड़े रख सकते हैं उन्होंने मंच से आग्रह किया कि अपने बच्चों को काम करने के लिए बाहर ना भेजें बाहर उनके साथ बहुत ही अत्याचार होता है साथ ही कहा कि झारखंड में जिसकी भी सरकार बनी है तब से आदिवासियों को ठगने का काम किया है आज हमें एकजुट होकर अपनी संस्कृति को बचाते हुए आदिवासी समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है चैनपुर थाना प्रभारी बैजू उराँव ने चैनपुर के सभी युवाओं से नशा पानी से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने की अपील की। आदिवासी एकता मंच के तत्वाधान में

शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा के माल्यार्पण से की गई। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में चैनपुर, डुमरी एवं जारी प्रखंड के लोग एकत्रित हुए। मौके पर उपस्थित अतिथियों को पारंपरिक आदिवासी गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज को एकजुट करने, बच्चों को शिक्षित करने एवं गांवों के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने के साथ समाज में फैली बुराइयों को दुर करने का संकल्प लिया। जेरोम जेराल्ड कुजूर, ज्योति भेंगरा, विश्वनाथ उराँव, सुशील दीपक मिंज ने संयुक्त रूप से उपस्थित सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी साथ ही बताया कि आदिवासियों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जाता है।आदिवासी समाज पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं आदिवासी धर्म धर्म नई सभ्यता व संस्कृति है और यह आदिवासी संस्कृति प्रकृति से जुड़ा है आदिवासी शुरू से ही जल जंगल व जमीन की रक्षा करते रहे हैं और आदिवासी जनजाति के लोग संवेदनशील होकर आगे भी जल जंगल जमीन के रक्षा का संकल्प लें।

जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से सरकार से माँग करती हूँ की जल, जंगल, जमीन से जुड़े आदिवासियों के हितों के रक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध हो। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष अनूप संजय टोप्पो ने उपस्थित सभी आदिवासी समाज के आए हुए लोगों को धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने मंच के माध्यम से आदिवासी समाज को एकजुट होने की अपील की ।

मौके पर मुख्य रूप से सचिव अल्बर्ट तिग्गा, सचिव बोनिफास कुजूर, कोषाध्यक्ष लेवनार्ड खलखो, संरक्षक मेरी लकड़ा व पालदीयुस टोप्पो, ओलिभा कांता कुजूर, सुशील दीपक मिंज, कमल कुजूर, राजेन्द्र नायक एवं सभी पंचायत के मुखिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजयुमो ने बच्चों को पांच प्रण की शपथ दिलायी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल कुदरा में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव के नेतृत्व में शनिवार को बच्चों को पंच प्रण शपथ दिलायी गयी व सभी के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया गया। इस दौरान अमन यादव ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लगाने की अपील की। इस मौके पर पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र साहु, नन्दकिशोर सिंह, अश्विनी देवघरिया, दिलीप गुप्ता,अरुण नारायण सिंह, दीपक गुप्ता, प्रधानाचार्य ललन सिंह, शिक्षक गण, छात्र -छात्राएं सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवयुवक सरना संचालन समिति ने किया फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवयुवक सरना संचालन समिति द्वारा चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ सीओ प्रणव ऋतुराज, थाना के एसआई अभिषेक कुमार, आयोजक समिति अध्यक्ष समीर भगत, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। शुभारंभ मैच न्यू स्टार घाघरा बनाम एकलव्य मॉडल छात्रावास घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें ट्राई ब्रेकर में एकलव्य मॉडल छात्रावास ने तीन गोल से जीत हासिल की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन होने से लोगों में एक नया संचार देखने को मिलता है अनुशासन में रहकर बच्चे खेल को खेले। खेल की भावना से खेले हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित लोगों में पल्लव कुजुर रोलेन मिचेल, शीला रानी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कैबिनेट में 30 प्रस्तावों को पारित किये जाने का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** राज्य के गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के गठबंधन सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी ने कैबिनेट में 30 प्रस्तावों को पारित किया है। जिसको जिला के कांग्रेसियों ने स्वागत कियाहै। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि वर्षों पुरानी आविभाजित बिहार राज्यपथ परिवहन निगम के कर्मचारियों को अपने राज्य के कार्यों में समायोजित करने का जो निर्णय लिया है साथ ही राज्य के सात,जिलों में आरक्षण से उपेक्षित ओबीसी जातियों के लिए आरक्षण के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है जो स्वागत योग्य है। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, वरिष्ठ कांग्रेसी दीपनारायण उरांव ,पूर्व युवा अध्यक्ष राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी,मुरलीमनोहर प्रसाद, जय सिंह, सगीर आलम, एजाज आलम, मनीष तिर्की, खुदी भगत दुखी, अरुण गुप्ता, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सलीम टोटो के नये सदर और फिरोज बने सेक्रेटी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल अंजुमन टोटो का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव के बाद अंजुमन के अध्यक्ष के रुप में मो. सलीम और सचिव मो. फिरोज खान बनाए गए। वहीं मो. खुर्शीद आलम को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही सेन्ट्रल अंजुमन टोटो का कमिटी कार्यकाल एक वर्ष के लिए तय किया गया। चुनाव कमेटी के अध्यक्ष मो. जैनुल और कमिटी के सदस्य ने चुनाव का कार्य संपन्न कराया। बैठक में महफूज, बबलू, आलम कुरैशी, शेर खान, मोजिब आलम, साबिर आलम, फैयाज, सरवर, जुबैर, खुर्शीद, मिन्हाज, फनटा, साकिब, मुन्कू इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# घाघरा का एक मजदूर छत्तीसगढ़ में बनाया गया बंधक

पिता ने सकुशल वापसी की लगाई गुहार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** ग्लेज ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक एक कंपनी पर घाघरा के रोपा उरांव ने अपने पुत्र विजय उरांव को बंधक बनाकर रख लेने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पिता रोपा उरांव ने सीएफटीआई मजदूर संघ के प्रदेश सचिव जुम्मन खान से मुलाकात कर अपने बेटे के सकुशल वापसी की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है क्या गत 29 जुलाई को रोपा उरांव ने अपने पुत्र विजय उरांव को नौकरी देने के नाम पर उक्त कंपनी के तथाकथित पदाधिकारियों के हवाले किया था। कुछ दिनों के बाद पिता को यह पता चला कि यह कंपनी फर्जी है और वहां उनके बेटे के साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके बाद पिता रोपा उरांव ने कंपनी के तथाकथित पदाधिकारी से अपने पुत्र को वापस भेजने की गुहार लगाई । लेकिन कंपनी के लोगों ने कहा कि इसके बदले उन्हें दो-तीन दूसरे वर्कर भेजा जाए, तभी उसके बेटे को छोड़ा जा सकता है। पिता ने कंपनी को यह भी बताया कि विजय के दादा का देहांत हो गया है इस पर कंपनी के तथाकथित पदाधिकारियों ने कहा है कि उनके शव का फोटो भेजें। शव का फोटो भेजने के बाद भी कंपनी के तथाकथित पदाधिकारियों ने उन्हें वापस नहीं आने दिया। जिसके बाद पूरा परिवार की स्थिति खराब है। यह भी बताया जा रहा है कि विजय उरांव की उम्र 17 वर्ष है। उसे फर्जी तरीके से आधार कार्ड में कंपनी वालों ने 18 वर्ष करा दिया है। पूरे परिवार ने मजदूर संघ तथा पुलिस प्रशासन से अपने बेटे की सकुशल वापसी की गुहार लगाई है। मौके पर मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश महिला सचिव -सुनीता कुमारी,अमृत लाल, नंदलाल महतो, सुकरु उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## मेदिनीनगर के छह केंद्रों में ली जायेगी नर्सिंग और बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद की ओर से 13 अगस्त दिन रविवार को नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 मेदिनीनगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित होगी। जिसके आलोक में डीसी शशि रंजन ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी और सदर एसडीओ मेदिनीनगर को निर्देशित किया है। नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह को डीसी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू लगाने हेतु निर्देशित किया है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर मेदिनीनगर में उक्त परीक्षाओं के लिए विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया मेदनीनगर, जनता शिवरात्रि कॉलेज मोदीनगर, राजकीयकृत गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय(जिला स्कूल) डालटेनगंज, बीएन इंटर कॉलेज डालटेनगंज पलामू, राजकीयकृत उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## जिला नियोजन कार्यालय में 16 को भर्ती कैंप

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला नियोजन कार्यालय पलामू के द्वारा आगामी 16 अगस्त को जिला नियोजन कार्यालय मेदिनीनगर में एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाएगा। भर्ती कैम्प में क्विज कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी के द्वारा टाटा मोटर्स, जमशेदपुर सहित चार विभिन्न कंपनियों के लिए कुल 570 पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त पदों पर 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होने के साथ-साथ 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 15000 रुपये तक वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि भारती कैंप में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो,नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ भारती कैंप में भाग ले सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला नियोजन कार्यालय पलामू में जाकर संपर्क कर सकते हैं।







### पलामू डीसी ने तरहसी और पांकी प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

# पीएम आवास का लक्ष्य पूरा करने और वोटर लिस्ट का पन्ना वेरीफिकेशन करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शनिवार को तरहसी व पांकी प्रखण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे सबसे पहले तरहसी में संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, आंगनवाड़ी भवन निर्माण की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि पीएम आवास में 95 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूर्ण हो गया है इस पर डीसी ने शतप्रतिशत पूर्ण करने पर बल दिया साथ ही मानव दिवस सृजन बढ़ाने की भी बात कही। उन्होंने बीडीओ सच्चिदानंद महतो से प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मानव बल व प्रखंड क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र की भी जानकारी ली। तरहसी ब्लॉक के पश्चात डीसी श्री रंजन पांकी पहुंचे।यहां उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा हॉउस टू हाउस सर्वे कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक करने की बात कही। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को सफल बनाने में अपना योगदान करने की अपील की।मौके पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, सीओ निर्भय कुमार, सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों की एसडीओ ने की समीक्षा

# निर्वाचन संबंधी कार्य में जानबूझ कर लापरवाही करनेवालों पर की जायेगी कार्रवाई : एसडीओ

**पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का जांच दल ने किया पर्यवेक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी-सह- 79 हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण हैदरनगर के प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक कर फोटो युक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के पूर्व पुनरीक्षण कार्य प्रगति की समीक्षा की। साथ ही जिलास्तरीय जांच टीम ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे कार्यो का पर्यवेक्षण किया।

एसडीओ ने बीएलओ के माध्यम से संपादित कार्यों की समीक्षा के दौरान कमियों को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वे खुद इस कार्य की जांच कर रहे हैं। विभिन्न मतदान केंद्रों पर कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे। कार्य में जानबूझकर किसी तरह की लापरवाही करनेवालों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतने की हिदायत दी। साथ ही मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राजीव नीरज को नियमित रूप से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया। विदित हो कि फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी बीएलओ को 21 जुलाई से 21अगस्त 2023 तक घर-घर सत्यापन का कार्य बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त ब्लू स्टीकर चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित की जा रही है। वहीं सत्यापन से संबंधित अन्य कार्य किये जा रहे हैं। पर्यवेक्षण एवं जांच के लिए विभाग स्तर से प्राप्त निदेर्शानुसार मतदान केंद्रों के पन्ना वेरीफिकेशन एवं होम टू रोल वेरिफिकेशन का कार्य किया गया। समीक्षा बैठक में संतोष ठाकुर, धीरेंद्र कुमार, कुमारी शांति ठाकुर के अलावा बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनसीपी नेता सूर्या ने तीर्थ यात्रियों की बस को झंडी दिखा कर किया रवाना

सुल्तानगंज के लिए तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना करने के पूर्व श्रद्धालु व सूर्या सिंह




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप स्थित शिव मंदिर प्रांगण से सुल्तानगंज के लिए तीर्थ यात्रियों की बस को एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने झंडी दिखा कर रवाना किया। यह बस वासुकीनाथ, तिरकुट पहाड़, राजगीर, देवघर, नवलखा मंदिर, राजगीर, नालंदा, तपवन, बोध गय व तुतला भवानी का भ्रमण कर जपला वापस लौट जायेगी। एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने कहा कि बस के मध्यम से तीर्थ यात्रियों को अधिक से अधिक धार्मिक स्थलों पर पहुंचने व दर्शन का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में विभिन्न समुदायों के धर्म स्थलों का दर्शन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कराने की योजना पार्टी बना रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने से व्यक्ति को शांति मिलती है। यही वजह है कि लोग वर्ष में एक बार ही सही, महत्वपूर्ण धाम की यात्रा जरूर करते हैं। उन्होंने कहा कि जो धार्मिक नहीं उसका जीवन कभी सफल नहीं हो सकता। उन्होंने तीर्थ यात्रियों को सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। मौके पर मोनू कुमार, गोपाल प्रसाद, विमलेश सिंह, विनय पासवान, रबिंद्र कश्यकार टंकी, मोनू जी, हंसराज सिंह राजकुमार ठाकुर, रमेश प्रजापति, रातनलाल, बलराम मेहता, मो सुहैल आलम, विमलेश सिंह बिसूत्री अध्यक्ष हैदरनगर, अजय सिंह, रजनीश सिंह, प्रिंस शर्मा, गिरी राजवंसी, बबन सिंह,समेत कई तीर्थ यात्री एवं नागरिक मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बैठक,विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में जेएसपीएल के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक मेरी मिट्टी मेरा देश को लेकर चर्चा की गई।10 अगस्त से 25 अगस्त तक आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने सम्बन्धी क्षेत्र में जागरूकता चलाने की जानकारी दी गयी।बैठक में बीपीएम सुनील कुमार ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त तिथि तक ग्रामीण क्षेत्रो में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें यह आम लोंगो के लिए अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सकारात्मक पहल से ही सरकार की योजनाओं का पूरी लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से धर्मबीर कुमार, अजित कुमार शर्मा, लवकुश, रत्नेश, बिनय, बिकास, पंकज, रविरंजन, उर्मिला, मानती, रीना, पिंकी, आरती, सीमा, संगीता, नीलम, रंजू, सुशीला, गीता, सरिता, रीता मौजूद थीं।

# आंगनबाड़ी का नियमित संचालन हो : मुखिया



**डीसी के निर्देश पर कलापहाड़ पंचायत सचिवालय में हुई मासिक समीक्षा बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड के पंचायत सचिवालय कालापहाड़ के सभागार में मुखिया अनिता कुमारी ने डीसी के निर्देश पर पंचायत में चल रही सभी विकास योजनाओं की स्थिति की मासिक समीक्षा की। बैठक में मुखिया ने सभी योजनाओं की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित होने के साथ-साथ बच्चों को दिए जाने वाला नाश्ता और भोजन पूरी साफ सफाई के साथ बनाया जाए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि 18 वर्ष एवं उससे ऊपर उम्र के एक-एक योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़े।

उन्होंने सभी स्वास्थ्य सहिया को निर्देश दिया कि सभी वार्ड में सफाई एवं डीडीटी का छिड़काव करना, स्वयंसेवक को पेंडिंग आवास को इस महीने के अंदर पूर्ण कराने, सभी स्कूल में मध्यान भोजन में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह में सही समय पर राशन वितरण किया जाए। किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही जन्म और मृत्यु का पंजीकरण भी समय से करने की हिदायत दी।

बैठक में पंचायत सचिव सदस्य श्यामसुंदर राम, रोजगार सेवक श्रवण राम, मनरेगा जेई मितेश कुमार सिंह, युवा समाजसेवी प्रमोद कुमार यादव, सभी वार्ड सदस्य, स्कूल के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सभी स्वास्थ्य सहिया मौजूद थे।


















**नमन :** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत डीसी, धनबाद विधायक और अपर्णा ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# शहीदों की गाथा लोगों को हमेशा प्रेरणा देगी : डीसी

- जिले की सभी 256 पंचायतों में लोगों को दिलायी गयी पांच प्रण की शपथ
- वसुधा वंदन में किया गया पौधरोपण









मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर वीर शहीदों को नमन व शपथ ग्रहण करते-कराते धनबाद के डीसी, विधायक व अन्य।

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** जिले के सभी 256 प्रखंडों में शानिवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश का आयोजन किया गया। डीसी वरुण रंजन ने बाघमारा प्रखंड के मलकेरा दक्षिण पंचायत के पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने पंचायत के वीर सपूत शहीद शंभू नाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शहीद शंभू नाथ महतो का नाम अंकित शिला पट्ट (शिलाफलकम) का अनावरण किया कर उपस्थित लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। वसुधा वंदन में पौधारोपण कर शहीद शंभू नाथ महतो के पिता गिरीश प्रसाद महतो को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। गिरीश महतो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाया। लोगों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया उन लोगों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज जिले के सभी 256 पंचायतों में यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश' मनाया जा रहा है। शहीद की वीर गाथा यहां के लोगों को हमेशा प्रेरणा देगी। देश, राज्य और समाज के कल्याण और सेवा के लिए लोग तत्पर रहेंगे। वहीं धनबाद प्रखंड में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नावाडीह पंचायत के उच्च विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सबसे पहले धनबाद विधायक राज सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मातृभूमि की स्वतंत्रता और उनके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए स्थानीय वीरों को नमन करते हुए शिलापट्ट का लोकार्पण किया। बच्चों के साथ मातृ भूमि की मिट्टी और दिया हात में लेकर सभी ने पंच प्रण का शपथ लिया। वृक्षारोपण भी किया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्रगान गया गया। इसके अलावे जिले के गोविंदपुर, बलियापुर, बाघमारा, तोपचांची, कलियासोल, टुंडी, धनबाद, एग्यारकुंड, पूर्वी टुंडी, निरसा इत्यादि में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## निरसा के उपचूडिया पंचायत में अपर्णा सेनगुप्ता ने शहीदों को किया नमन

निरसा के उपचूडिया पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारत माता के वीर बलिदानियों की स्मृति में नाम अंकित करने के लिए स्थापित किए गए शिलापट्ट शिलाफलकम को नमन कर एवं राष्ट्रीय ध्वज झंडोत्तोलन के बाद पंच प्रण पूर्ण करने की शपथ ली गयी। उपचूडिया निवासी वीर जवान सोमनाथ मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेहा कश्यप, निरसा बीडीओ इंद्र लाल ओहदार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नागेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य, स्थानीय मुखिया आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर रागिनी सिंह ने की बैठक




**झरिया (आजाद सिपाही)।** 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एंव झरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विधानसभा स्तरीय बैठक कतरास मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। जिसमें सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में 13 से 15 अगस्त तक झरिया के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालने एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त को क्षेत्र के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर श्रवण राय, उमेश यादव, पूनम महतो, विष्णु त्रिपाठी, राज किशोर जेना, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, धुर्व हरि, अरुण साव, संतोष शर्मा, राजाराम पासवान, सुजीत सिन्हा, अभिषेक पांडेय, स्वरूप भट्टाचार्य, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, संतोष रवानी, श्रवण राम, देवचरण ठाकुर, वीरेंद्र वर्मा, अनिल शर्मा, मनोज प्रसाद, अजय निषाद, दिलीप आडवाणी, अशोक वर्णवाल, रघु राम, शुभम गुप्ता सहित कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोक ओवन एंड कोल केमिकल्स पर परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सीओ एंड सीसी विभाग के एचआरडी हाल में शनिवार को रिडक्शन ऑफ कार्बन फुटप्रिंट इन कोक ओवन एंड कोल केमिकलस पर एक परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप (पीआइडब्ल्यू) का आयोजन किया गया। जिसमें कोक ओवन एंड कोल केमिकलस विभाग के 08 अधिशासी और 18 अनाधिशासी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महा प्रबंधक (सीओ एंड सीसी) राकेश कुमार, महाप्रबंधक (इसीएस) एनपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) देवाश्री टोप्पो एवं वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) गोपाल कुमार सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम महाप्रबंधक (मासंवि) देवाश्री रानी टोप्पो ने सभी प्रतिभागियों और मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और आयोजित होने वाले परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप की उपयोगिता के बारे में बताया।

# डॉ शालिनी की एजुकेशनल रिसर्च पुस्तक का हुआ विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन, रेंबा में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के स्टडी सेंटर के उद्घाटन समारोह में डॉ शालिनी खोवाला द्वारा रिसर्च मेथोडोलॉजी पर लिखित पुस्तक का विमोचन राज्यपाल के ऐकडेमिक एडवाइजर और चेन्नई अन्ना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो ई बालागुरुसामी ने किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो त्रिवेणी नाथ साहू, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी कुलपति डॉ संजीव राय, ओएसडी (यूनिवर्सिटीज) राज भवन, झारखंड, डॉ घनश्याम सिंह, झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ बिंदु विजयाकुमार, आइसीएसडी के संयुक्त निदेशक एवं नमन इंटरनेशनल फाउंडेशन के संरक्षक दिनेश्वर वर्मा ने पुस्तक विमोचन में संयुक्त रूप से मंच साझा किया। राज्यपाल के ऐकडेमिक एडवाइजर प्रो ई बालागुरुसामी ने अपनी उद्बोधन में पुस्तक एवं लेखिका डॉ शालिनी खोवाला, प्राचार्या स्कॉलर बीएड कॉलेज की प्रशंसा की एवं रिसर्च संबंधित उपयोगी ऐसी अन्य और पुस्तकों को लिखने एवं प्रकाशित करवाने की प्रेरणा दी।

# मंत्री का काफिला गुजरते ही सलूजा मोटर्स के सामने फायरिंग

- प्रिंस के गुर्गे मेजर ने चिट्ठी वायरल कर ली जिम्मेवारी, सलूजा मोटर्स के मालिक ने फिरौती मांगने से किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रिंस गैंग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भूली में साइबर कैफे पर फायरिंग का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि शनिवार को एक बार फिर प्रिंस गैंग के अपराधियों ने धनबाद पुलिस को चुनौती दे डाली है। बाइक सवार अपराधियों ने बैंक मोड़ थाना के समीप सलूजा मोटर्स के सामने फायरिंग की। इसकी सूचना मिलते ही बैंक मोड़ पुलिस और डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया गया। पुलिस छानबीन में जुट गई है। व्यवसायी काफी डरे हुए हैं। वहीं, डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा ने कहा कि बाइक सवार दो अपराधियों ने हवाई फायरिंग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही अपराधियों की शिनाख्त कर ली जाएगी। सूत्रों ती मानें तो जिला 20 सूत्री बैठक के लिए जिला के प्रभारी मंत्री सह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम शनिवार को धनबाद पहुंचे हैं। उनका काफिला जैसे ही घटनास्थल को पार किया था कि कुछ ही मिनटों बाद अपराधियों ने फायरिंग कर दी। बैंक मोड़ थाना के सब इंस्पेक्टर लक्ष्मन हांसदा ने बताया की मंत्रियों को स्कॉट कर ले जा रहे थे। तभी यहां गोली चली। उसके बाद एक स्कॉट की गाड़ी रुक गई और एक गाड़ी मंत्री जी को सकॉट कर लेकर चली गई। उसके बाद लक्ष्मण हांसदा घटनास्थल पर पहुंचे औरखोखा बरामद किया। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों की मानें तो बाइक सवार दो अपराधी से उतरे और हवाई फायरिंग कर चलते बने। सलूजा मोटर्स के दुकान के स्टाफ और लोगों ने कहा की गोली चली है। हालांकि सलूजा मोटर्स के मालिक बलबिंदर सिंह ने फिरौती के मामले से इंकार करते हुए बताया की मेरा स्टाफ बाहर था, अचानक उसने कहा भईया झुक जाइए गोली चली है। उसके बाद वहा भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना के बाद से इलाके के दुकानदारों में भय है।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीएसपी (कानून व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर सरायढेला पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान हथियारों के साथ दो अपराधियों के गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी। बताया कि सरायढेला पुलिस जांच अभियान चला रही थी, तभी बलियापुर से दो बाइक पर सवार होकर चार लोग आ रहे थे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पर पुलिस ने दो को पकड़ लिया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक भाग निकले। पकड़ गए व्यक्तियों के पास से एक लोडेड पिस्टल, कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। उनकी पहचान हीरालाल सोनार (22) और इमामुल अंसारी (45) के रूप में हुई है। दोनों बोकारो जिले के पिंडराजोर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। डीएसपी ने बताया की विगत पांच अगस्त को सरायढेला के निलांचल कॉलोनी में एक महिला से चेन छिनतई हुई थी, जिसमें दोनों शामिल थे। बताया कि आरोपित इमामुल अंसारी इससे पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

**GARHWA NAGAR PARISHAD, (Govt. of Jharkhand Undertaking)**
Regd. Office: - Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE FOR DETERMINATION OF RATE**

**NIQ. No: GNP-01/2023-24** **Date. 11.08.2023**

Online Quotations are invited for the work Construction of Proposed Additional Furnishing Works at Multipurpose Cultural Complex For Garhwa Nagar Parishad (Jharkhand) for non-schedule Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, retailers, Distributors, Timber Merchants and others for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty and carriage. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Term and Condition**
1. The quotationer shall furnish PAN, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

**Note :**
1 Date of Publication of E-Quotations on Website 14.08.2023
2 Last Date/Time of upload of E-Quotations on Website 23.08.2023 at 05:00 PM
3 Date/Time of opening of E-Quotations 25.08.2023 at 05:00 PM
4 Name & Address of office Inviting E-Quotations Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand.
5 Helpline Number 8409053313
6 e-mail ID eo.gharhwa.np@gmail.com

**Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
**Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.**

Sd/-
Executive Officer,
Nagar Parishad Garhwa.

PR 304593Urban Development(23-24)#D

# विधायक ढुल्लू के खिलाफ जारी धरना 59वें दिन समाप्त



धरना पर बैठे ग्रामीणों को लिखित आश्वासन देते सीओ केके सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ दरीदा मौजा के ग्रामीणों का बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष जारी अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 59 वें दिन सीओ केके सिंह के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। मौजा दरीदा, मुराईडीह, पोचरी एवं आमटॉड टोला के ग्रामीणों द्वारा 15 जून से बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष लगातार धरना दिया जा रहा था। इस दिन धरना में शामिल ग्रामीणों के प्रतिनिधि और बाघमारा सीओ के बीच वार्ता हुई। जिसमें सीओ ने स्पष्ट किया कि जमीन का मापी कार्य पूरा कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट अतिशीघ्र प्राप्त हो जाएगी एवं उस पर शीघ्र ही यथोचीत कार्रवाई की जाएगी। उक्त मौजा के अंतर्गत आम रास्ता, जिसका पुराना खाता संख्या 73 पुराना प्लॉट नंबर-1885. रकवा 50 डीसमील है, जिसे अवैध रूप से कब्जा कर बंद कर लिया गया है। उस पर अंचल कार्यालय से संबंधित सरकारी वकील को वाद करने संबंधी पत्र दिया गया है। पूर्व में मापी करा कर जीएम लैंड पर जो बोर्ड लगाया गया था। जिसे तोड़ दिया गया है। उस पर अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उक्त स्थल पर नया बोर्ड लगाने की आदेश जल्द निर्गत कर दी जाएगा। सीओ द्वारा दिये गए लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना हुआ। वार्ता में अंचल निरीक्षक नागेंद्र सिंह के अलावा बीस सूत्री अध्यक्ष लग्नदेव यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, मंडल अध्यक्ष दयाल महतो, रणधीर सिंह, मधुसूदन महतो, पिंकू पांडेय सहित अन्य शामिल थे।

# शिक्षा को उच्च स्तर की सुविधा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित: जीएम

- बीएंडके महाप्रबंधक एमके राव ने किया स्कूल हॉल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** करगली सीनियर क्वार्टर स्थित मेरा बचपन प्ले स्कूल में सीसीएल बीएंडके क्षेत्र की ओर से निर्मित हॉल का विधिवत उद्घाटन जीएम एमके राव ने किया। जीएम ने उपस्थित बच्चों, अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह क्षेत्र में शिक्षा को उच्च स्तर की सुविधा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। जब कहीं से भी किसी विद्यालय द्वारा सुविधा प्रदान की मांग की गई है तो उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उन सुविधाओं को प्रदान करने का प्रयास किया। आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाकर रखने का प्रयास करें। क्योंकि नन्हे मुन्ने बच्चों पर मोबाइल रेडिएशन के साथ ही गलत चीजों को देखने से दिमाग पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन प्ले स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास कर रहा है। प्राथमिक शिक्षा बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना काफी बड़ी चुनौती होती है। उसके बावजूद यह विद्यालय बखूबी निभा रहा है। बतातें चलें कि कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही स्कूल के नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्राचार्या रितू राठौर और निदेशक जयेश राठौर ने बीएंडके क्षेत्र के जीएम एमके राव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में हॉल नहीं रहने के कारण कई तरह के कार्यक्रम के आयोजन में काफी परेशानी होती थी। लेकिन अब हॉल बन जाने से कोई परेशानी नहीं होगी। उधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, समाज सेवी ललिता किडो, नेचर किड्स स्कूल के प्राचार्य रूबी राठौर और जय राठौर ने अपने -अपने वक्तव्य में स्कूल की उपलब्धि और महाप्रबंधक एमके राव द्वारा स्कूल में हॉल के निर्माण कराने की सराहना की।

**कार्यालय जिला परिषद्,कोडरमा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023–24**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत स्वीकृत योजना में झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त के क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से एकल बीड ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतगावां | सतगावां प्रखण्ड के बासोडीह हाट बाजार में पेभर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 1726500.00 | 35000.00 | 5000.00 | 03 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 16.08.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 17.08.2023 से 22.08.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला परिषद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा में निविदा शुल्क अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 23.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद्, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.08.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता जिला परिषद, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–9798127285 ई मेल ddczpkoderma@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा के पदनाम से देय होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैधता होना अनिवार्य है।
9. आवंटन प्राप्त होने के पश्चात एकरारनामा किया जायेगा।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् या WWW.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 304570 Panchayati Raj(23-24).D

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अल्पकालीन सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 16/दिनांक 24.07.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजना "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अंतर्गत लोहरदगा जिले को निम्नलिखित योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | ईकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की अधिकतम राशि (रू0 में) | लाभुक का अंशदान | अर्हत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 20 | 1600.00 | 1200.00 | 400.00 | वैसे केज लाभुक जिनके द्वारा केज में मछली पालन किया जा रहा हो एवं अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। |
| 02 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 2 | 160000.00 | ST/SC/WOMEN-128000.00; अन्य–112000.00 | शेष लाभुक द्वारा व्यय किया जाएगा। | मत्स्य पालक जिनके पास एक एकड़ जलक्षेत्र का तालाब हो। |
| 03 | उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार/सम्मान स्वरूप 12 Paddle Wheel Aerator अथवा ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | 2 | — | 30000.00 | शेष लाभुक द्वारा व्यय किया जाएगा। | मत्स्य कृषक /मत्स्य बीज उत्पादक/केज मत्स्य पालक/हैचरी संचालक के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों की विवरणी/फोटोग्राफ/विडियो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। |
| | | 789– अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना | 1 | — | 30000.00 | | |

आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंति तिथिः–26.08.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 304558 (Lohardaga)23-24*D





## न्यूज रील्स

### राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर वायनाड पहुंचे

वायनाड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सांसदी बहाल होने के बाद पहली बार दो दिन के दौरे पर शनिवार को वायनाड पहुंचे हैं। उन्होंने कलपेट्टा में जनसभा को संबोधित किया। वायनाड जाने के क्रम में उन्होंने रास्ते में ऊटी के पास बसे मुथु नाडु गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। यहां लोगों ने शॉल ओढ़ा कर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने आदिवासियों के साथ डांस भी किया।

### मेरा बेटा नशा करता था, मैं उसे नहीं बचा पाया: कौशल किशोर

लखनऊ। मेरा बेटा नशा करता था। मैं सांसद होने के बाद भी बेटे को नहीं बचा पाया। रक्षा बंधन पर बहनें भाई से नशा न करने का वचन मांगें। ये बात लखनऊ के मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश कार्यक्रम में कही। सीएम योगी ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में नशामुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा, प्रदेशवासियों को नशा मुक्त बनने का संकल्प लेना चाहिए।

### अधीर रंजन बोले- जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

नयी दिल्ली। लोकसभा से निलंबित कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि अगर लोकसभा से निलंबन वापस नहीं हुआ, तो जरूरत पड़ने पर वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक नयी घटना है, जिसे हमने संसद में अपने करियर में पहले कभी अनुभव नहीं किया है।

### अनवार उल हक होंगे पाक के केयर टेकर प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नेशनल असेंबली भंग होने के बाद देश को चलाने के लिए अनवार उल हक को केयर टेकर प्रधानमंत्री बनाया जायेगा। विपक्ष और सरकार में इस नाम पर सहमति बनी है। ये ब्लूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) के सीनेटर हैं। शाहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज ने उनके नाम को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा है।

### पीएम मोदी ने सागर में संत रविदास मंदिर-स्मारक की नींव रखी

सागर। पीएम नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में सागर के बड़तूमा में संत रविदास मंदिर और स्मारक की आधारशिला रखी। पीएम ने कहा कि जब हमारी आस्थाओं पर हमले हो रहे थे, हमारी पहचान मिटाने के लिए पाबंदियां लगायी जा रही थीं, तब रविदास जी ने मुगलों के कालखंड में कहा था कि पराधीनता सबसे बड़ा पाप है। जो पराधीनता को स्वीकार कर लेता है, उससे कोई प्रेम नहीं करता।

# राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 विधेयक कानून बने

## दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग केंद्र को मिली

- डेटा उल्लंघन पर 250 करोड़ तक का जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में पास हुए दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 बिलों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। शनिवार को केंद्र सरकार ने इनका गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया, जिसके बाद चारों बिल कानून बन गये। इन बिलों में गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टैरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) एक्ट, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, द रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ बिल और जन विश्वास बिल शामिल हैं। अब, डेटा प्रोटेक्शन बिल के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर न्यूनतम 50 करोड़ रुपये से लेकर अधिकतम 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। वहीं, दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार केंद्र को मिल जायेंगे।

### चीफ और प्रिंसिपल सेक्रेटरी खारिज कर सकेंगे मुख्यमंत्री का फैसला

नये कानून के तहत नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी (एनसीसीएसए) बनायी गयी है। इसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और होम डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी इसके अन्य दो सदस्य होंगे। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अलावा बोर्डों-आयोगों में नियुक्तियां और तबादले भी इसी अथॉरिटी की सिफारिश पर होंगे। किसी भी मामले पर फैसला बहुमत के हिसाब से होगा। यानी चीफ सेक्रेटरी और प्रिंसिपल सेक्रेटरी मिलकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के फैसले को खारिज कर सकते हैं।

**अध्यादेश के जरिए पलटा गया था सुप्रीम कोर्ट का फैसला :** 11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने अफसरों पर कंट्रोल का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। साथ ही कहा कि उपराज्यपाल सरकार की सलाह पर ही काम करेंगे। एक हफ्ते बाद 19 मई को केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर इस फैसले को बदल दिया और ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार राज्यपाल को दे दिया। बता दें कि दिल्ली सर्विस बिल 3 अगस्त को लोकसभा में पास हुआ था। 9 अगस्त को इसे राज्यसभा में पेश किया गया। वोटिंग में पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट पड़े और बिल पास हो गया।

# विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया, अविश्वास प्रस्ताव लाये, फिर वोटिंग से भाग गये : नरेंद्र मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हावड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाये, फिर वोटिंग से भाग गये। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया।

मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। पीएम मोदी ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैये और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की।



**विपक्ष को लोगों से नहीं, राजनीति से मतलब :** पीएम मोदी ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले होम मिनिस्टर अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

**देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गये। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गये थे, क्योंकि वोटिंग होती, तो घमंडिया गठबंधन की पोल खुल जाती।

# ग्वाटेमाला के दो विश्वविद्यालयों से प्रो अच्युत सामंत को मिली मानद डॉक्टरेट की डिग्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** महान शिक्षाविद् और प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता प्रो अच्युत सामंत को ग्वाटेमाला के दो विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया । प्रो सामंत को ग्वाटेमाला रूरल विश्वविद्यालय और माया काकचिकेल विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद डिग्री से सम्मानित किया गया । यह प्रो अच्युत सामंत की 54वीं और 55वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। उन्हें यह सम्मान शिक्षा और समाज सेवा, खासकर आदिवासी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। ग्वाटेमाला के रूरल विश्वविद्यालय के रेक्टर और संस्थापक फिदेल रेस ली ने विश्वविद्यालय के एक विशेष कार्यक्रम में प्रो अच्युत सामंत को 54वीं डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। इसी प्रकार प्रो सामंत को 55वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री माया काकचिकेल विश्वविद्यालय द्वारा एक अनोखे तरीके और एक विशेष स्थानीय आदिवासी परंपरा में प्रदान की गयी। चूंकि यह विश्वविद्यालय एक आदिवासी विश्वविद्यालय है, इसलिए उनकी परंपरा के अनुसार, सबसे पहले उनके देवता की पूजा की गई और प्रो सामंत को मानद उपाधि प्रदान करने की अनुमति दी गई। बाद में पूरी तरह से हरे-भरे और प्राकृतिक वातावरण में प्रो सामंत और उन्हें मिलनेवाली मानद डॉक्टरेट की डिग्री ग्वाटेमाला की आदिवासी परंपराओं के अनुसार 4 घंटे तक पूजा की गई। इस मौके पर एक अनोखे अंदाज में जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में माया काकचिकेल विश्वविद्यालय के संस्थापक, वहां के नोबेल पुरस्कार विजेता, ग्वाटेमाला में भारतीय राजदूत और विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## रूसी मंत्रालय ने किया दावा : जासूसी कर रहा अमेरिका

# आइफोन के इस्तेमाल पर पाबंदी लगायी

- सरकारी काम में नहीं यूज होंगे एपल प्रोडक्ट्स

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस की डिजिटल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आइफोन के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। शुक्रवार को मंत्री मकसुत शाडेव ने इसकी जानकारी दी। इंटरफैक्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एपल के बाकी प्रोडक्ट्स जैसे आइबुक, टैबलेट्स के इस्तेमाल पर भी रोक लगायी गयी है। इन डिवाइस से कोई भी सरकारी कामकाज नहीं किया जा सकेगा।

रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस एफएसबी के मुताबिक इन डिवाइस के जरिए अमेरिका उनकी जासूसी कर रहा है। 2 महीने पहले एफएसबी ने दावा किया था कि अमेरिका हजारों आइफोन्स को हैक कर चुका है और इनमें अमेरिकी सर्विलांस सिस्टम मौजूद हैं। एफएसबी ने कहा था- अमेरिकी हैकर्स ने जासूसी अभियान में इजराइल, सीरिया, चीन और नाटो सदस्यों के डिप्लोमैट्स को निशाना बनाया।

### रूसी अधिकारियों को आइफोन नहीं इस्तेमाल करने का आदेश

एफएसबी की रिपोर्ट के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा था- इससे साबित होता है कि अमेरिका में बने आइफोन्स पूरी तरह से पारदर्शी नहीं हैं। इन पर साइबर हमले करके बड़े पैमाने पर डेटा इकट्ठा किया जा रहा था। मंत्रालय के मुताबिक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सालों से इंटरनेट यूजर्स की जानकारी के बिना उनका डेटा इकट्ठा करने के लिए आइटी कंपनियों का इस्तेमाल कर रही है।

**सोवियत संघ में रहे देशों की हो रही जासूसी :** एफएसबी का यह भी दावा है कि कई स्थानीय रूसी लोग और सोवियत संघ का हिस्सा रहे देशों में काम कर रहे डिप्लोमैट्स के फोन भी हैक किए गए थे। अमेरिका की स्पेशल सर्विस इस खुफिया ऑपरेशन को अंजाम दे रही थी। एजेंसी का यह भी दावा है कि अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी (एनएसए) और एपल कंपनी के बीच करीबी सहयोग है।

**एपल ने कहा - हमने कभी ऐसा नहीं किया न करेंगे :** हालांकि, एफएसबी ने इस बात के कोई सबूत नहीं दिये थे कि एपल कंपनी को इस जासूसी की जानकारी थी। वहीं, एपल कंपनी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था- हमने कभी भी किसी देश की सरकार के साथ मिलकर फोन में छेड़छाड़ नहीं की है और न ही कभी करेंगे।

**कैस्पर्स्की लैब ने कहा -2019 से हो रही जासूसी :** एनएसए ने इस बारे में कोई बयान देने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ, मॉस्को की कैस्पर्स्की लैब कंपनी ने कहा कि इस ऑपरेशन के जरिए उसके कई कर्मचारियों के डिवाइस के साथ छेड़छाड़ की गई। कैस्पर्स्की ने एक ब्लॉग में कहा- जासूसी के सबूत सबसे पहले 2019 में मिले थे और ये अब तक जारी है। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि वो इस साइबर अटैक का प्रमुख टारगेट नहीं थे।






# पूर्व तट रेलवे में 30 अगस्त तक चलेगा संरक्षा संबंधी कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 12 अगस्त से 30 अगस्त की अवधि में हरिदासपुर, भुवनेश्वर, मंचेश्वर, कटक, संबलपुर और संबलपुर सिटी रेलवे स्टेशनों में संरक्षा संबंधी और आधारभूत संरचना से संबंधित विकास कार्य पूरे किये जायेंगे। 17 से 30 अगस्त तक भुवनेश्वर और मंचेश्वर के बीच तीसरी लाइन से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना संबंधी कार्य पूरा किया जायेगा।

17 से 30 अगस्त तक मंचेश्वर रेलवे स्टेशन के लेआउट में बड़े बदलाव संबंधी काम किये जाने की योजना है। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन में सिग्नलिंग प्रणाली की प्रमुख पुनर्व्यवस्था की भी योजना है। हरिदासपुर रेलवे स्टेशन की सिग्नलिंग प्रणाली का कार्य भी 14 से 21 अगस्त तक किया जा रहा है।



इस अवधि के दौरान भुवनेश्वर कोच रखरखाव डिपो में प्रवेश और निकास काफी प्रभावित रहेगा। परियोजना कार्य के दौरान प्रतिदिन पूर्व तट रेलवे की औसतन 25 प्रारंभ होने वाली या गुजरने वाली ट्रेनें कुछ दिनों के लिए अस्थायी रूप से रद्द कर दी जायेंगी। प्रमुख आधारभूत संरचना संबंधी विकास कार्यों के कारण रद्द की जाने वाली, आंशिक रूप से रद्द की जानेवाली और/या मार्ग परिवर्तित की जाने वाली ट्रेनों की सूची जल्द ही जारी की जायेगी।

# 50 एलएमटी गेहूं और 25 एलएमटी चावल खुले बाजार में उतारेगा भारतीय खाद्य निगम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से इ-नीलामी के माध्यम से 50 एलएमटी गेहूं और 25 एलएमटी चावल खुले बाजार में उतारेगी। चावल का आरक्षित मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल रुपये से घटा कर 2900 रुपये प्रति क्विंटल किया गया। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआइ ओड़िशा क्षेत्र के 19 केंद्रों से 6000 मीट्रिक टन गेहूं और 6000 मीट्रिक टन चावल इ-नीलामी के लिए पेश किया गया है। ओएमएसएस (डी) योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री के लिए एफसीआइ द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निविदा निकाली जाती है।

# सीएम योगी ने एथेनाल प्लांट का किया शिलान्यास

- कहा : सपा बनाना चाहती थी बूचड़खाना, हमने लगाया उद्योग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में निवेश दूर की कौड़ी थी। लचर कानून व्यवस्था के चलते लोग यहां उद्योग लगाने, कारोबार करने में डरते थे। जब उद्यमी और व्यापारी ही सुरक्षित नहीं थे तब उनकी पूंजी कैसे सुरक्षित रहती। बाहर से निवेशकों का यहां आना तो दूर, यहां के उद्यमी-व्यापारी भी भाग रहे थे। पर, छह सालों में यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी है।



हर निवेशक यूपी आना चाहता है, अधिकाधिक निवेश करना चाहता है। फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिला 36 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव इसका प्रमाण है।

सीएम योगी शनिवार को गीडा सेक्टर 26 में मेसर्स केयान डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड के 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाले एथेनाल एवं इएनए प्लांट का शिलान्यास करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर 10 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन यूपी में निवेश के प्रति बढ़े आकर्षण से 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इस निवेश से एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार की सुविधा मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि नये एथेनाल प्लांट की शुरुआत होने से सहजनवा का विकास ग्रीन एनर्जी के नये केंद्र के रूप में होगा। ग्रेन बेस्ड एथेनाल प्लांट लगने से अन्नदाता किसानों की आमदनी तो कई गुना बढ़ेगी ही, ऊर्जा व पेट्रोलियम के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**